चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 125, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 03 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराई


## ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं; 132 से ज्यादा यात्री घायल

**ओडिशाः** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। ट्रेन की 8 बोगियां पलट गईं। वहीं, ट्रेन का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया। हादसे में 132 यात्रियों के घायल होने की खबर है। राहत और बचाव का काम चल रहा है। ट्रेन हावड़ा से चेन्नई जा रही थी। घायलों को बहानागा के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। बालासोर और आसपास के अन्य जिलों से भी मेडिकल की टीमें मदद के लिए रवाना की गई हैं। इस रूट की सभी ट्रेनों को रोक दिया गया है। हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी किया है। एडिशनल डीएमईटी ने बताया कि 15 एंबुलेंस मौके पर भेज दी गई हैं। घायलों को सोरो सीएचसी में शिफ्ट करना शुरू कर दिया गया है। कुछ को बेहतर इलाज के लिए रेफर भी किया जा सकता है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य मंत्री प्रमिला मल्लिक और स्पेशन रिलीफ कमिश्नर को तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। मंत्री और मौके पर पहुंच रहे हैं। ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने बताया कि हादसे में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। करीब 50 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई हैं। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए बड़ी संख्या में बसों का इंतजाम किया जा रहा है।

बालासोर रेलवे स्टेशन से एनडीआरएफ की 22 सदस्यों वाली पहली टीम पहले ही घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल की 32 सदस्यों वाली एक और टीम आधे घंटे पहले मौके के लिए रवाना हुई है। उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि बंगाल से यात्रियों को ले जा रही शालीमार-कोरोमंडल एक्सप्रेस आज शाम बालासोर के पास एक मालगाड़ी से टकरा गई। इससे कई लोगों के घायल होने की खबर है। हम ओडिशा सरकार के साथ और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ओडिशा सरकार की मदद के लिए 5-6 सदस्यों की एक टीम मौके पर भेज रहे हैं। मैं मुख्य सचिव और अन्य सीनियर अधिकारियों से इस मुद्दे पर जानकारी ले रही हूं।

**दोनों गाड़ियां एक ही लाइन पर आईं:** बताया जा रहा है कि एक ही लाइन पर दोनों गाड़ियों के आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ।

रेलवे ट्रैक पर लगा सिग्नल खराब होने के चलते दोनों ट्रेन एक ही पटरी पर आकर टकरा गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये ट्रेन दोपहर 3.15 बजे शालीमार स्टेशन से निकली थी। यह ओडिशा के बालासोर से 40ड़ट दूर बहानागा स्टेशन के पास शाम 7:20 बजे मालगाड़ी से टकराकर पटरी से उतर गई।



### बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं तो 9 जून को रेसलर फिर जंतर-मंतर पर बैठेंगे; एफआईआर में टी-शर्ट उतरवाने का आरोप

# खापों का सरकार को अल्टीमेटम

**कुरूक्षेत्रः** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों के समर्थन में शुक्रवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में खापों और किसान संगठनों की महापंचायत हुई। लगभग 5 घंटे चली इस महापंचायत में केंद्र सरकार को 9 जून तक का अल्टीमेटम दिया गया। किसान नेता राकेश टिकैत ने महापंचायत में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। टिकैत ने कहा- अगर सरकार ने 9 जून तक बृजभूषण को गिरफ्तार न किया और पहलवानों पर दर्ज केस वापस नहीं लिए तो खाप नेता खुद पहलवानों को दोबारा धरने पर बैठाने जंतर-मंतर जाएंगे। इससे पहले



बृजभूषण ने 5 जून को अयोध्या में होने वाली अपनी महारैली रद्द कर दी। सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण ने बीजेपी हाईकमान के कहने पर यह कदम उठाया। हाईकमान ने उन्हें पहलवानों को लेकर किसी भी तरह की बयानबाजी से बचने की नसीहत दी है। इस बीच बृजभूषण के खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग एफआईआर में पहलवानों ने कई संगीन आरोप लगाए हैं। इन एफआईआर के अनुसार, बृजभूषण ने कथित रूप से कई बार महिला पहलवानों से छेड़छाड़ की। गलत तरीके से उन्हें छुआ। यहां तक कि सांस चेक करने के बहाने उनकी टी-शर्ट भी उतार दी। नाबालिग पहलवान का आरोप है कि बृजभूषण ने उससे फिजिकल रिलेशन की डिमांड की। उधर, छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने महिला पहलवानों के समर्थन में बैनर लगा दिए।

# आजादी के बाद मानहानि में सबसे बड़ी सजा मुझेः राहुल

**वॉशिंगटनः राहुल** गांधी इन दिनों अमेरिका के 6 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने वॉशिंगटन डीसी के नेशनल प्रेस क्लब में मीडिया के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग से गठबंधन को लेकर राहुल ने कहा- मुस्लिम लीग पूरी तरह से सेक्युलर पार्टी है। विपक्ष एकजुट हो रहा है। हम सभी विपक्षी पार्टियों से बात कर रहे हैं। इस संबंध में काफी अच्छा काम हो रहा है। राहुल ने कहा- कई जगह ऐसी हैं जहां हम विपक्ष के साथ मुकाबला



कर रहे हैं। ऐसे में हमें कई मुद्दों पर एक राय बनानी होगी, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम चुनाव में साथ जरूर आएंगे। सांसदी जाने के सवाल पर उन्होंने कहा- मुझे 1947 के बाद मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा मिली है। मैंने संसद में अडाणी को लेकर स्पीच दी थी, जिसकी वजह से मुझे डिस्क्वालिफाई कर दिया गया।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लुप्त नदियों का लिखा जाएगा इतिहास

**बागपत।** प्रख्यात इतिहासकार डॉ अमित राय जैन ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात कर उनसे देश के प्राचीन जल संसाधनों एवं वर्षा जल संग्रहण की प्राचीन भारतीय पद्धतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लुप्त हो चुकी या लुप्तप्राय नदियों के प्राचीन इतिहास संस्कृति और सभ्यता पर आधारित आंकड़ों को इकट्ठा कर उन पर पुस्तकों का प्रकाशन किया जाए। जिसके लिए जल शक्ति मंत्रालय इतिहासकार अमित राय जैन को हर प्रकार का सहयोग देगा।

# कांग्रेस बताए लोकतंत्र के साथ या मोदी के: केजरीवाल

### हमने उनसे मिलने का समय मांगा; अध्यादेश के खिलाफ झारखंड सीएम का साथ मिला

**रांचीः दिल्ली** में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर कंट्रोल के लिए केंद्र के अध्यादेश लाई थी। इसके खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्ष से समर्थन मांग रहे हैं। उन्हें अब तक कई पार्टियों का समर्थन भी मिल चुका है। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी कांग्रेस का रुख साफ नजर नहीं आ रहा है। इसी बीच शुक्रवार को केजरीवाल ने कहा कि हमने कांग्रेस से समय मांगा है। उन्होंने कहा कि हमको उम्मीद है वह समय जरूर देंगे और संसद में इस अध्यादेश को गिराने में मदद भी करेंगे। मैं सोच नहीं सकता कि कोई भी पार्टी इस अध्यादेश के पक्ष में कैसे वोट कर सकती है?

जैसे कि मैंने कहा यह मेरी लड़ाई नहीं है, पूरा देश देख रहा है पूरा देश देखेगा। कांग्रेस को यह तय करना है कि वह जनतंत्र, संविधान और देश




के 140 करोड़ों लोगों के साथ है या मोदी जी के साथ। केजरीवाल ने यह बातें रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात के बाद कहीं। वे हेमंत से केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगने पहुंचे थे। वहीं, झारखंड सीएम का साथ मिलने के बाद दिल्ली सीएम ने कहा कि दिल्ली के लोगों को आज झारखंड के लोगों का समर्थन मिला है। 29 मई को खड़गे, केसी वेणुगोपाल और राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में मध्यप्रदेश के पार्टी नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह मौजूद रहे।

29 मई को खड़गे, केसी वेणुगोपाल और राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में मध्यप्रदेश के पार्टी नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह मौजूद रहे।

केंद्र सरकार 20 मई को सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अध्यादेश लाई थी। इसके बाद 21 मई को नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। नीतीश ने केजरीवाल का समर्थन किया था। 22 मई को बिहार के सीएम नीतीश इसी मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिले थे।

# भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में फिर से स्थापित करने का समय : राजनाथ



**नई दिल्ली। रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक हथियारों, उपकरणों का निर्माण करके औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा दिलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि 17वीं शताब्दी तक भारत की अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से मजबूत थी। दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद का एक चौथाई से अधिक हिस्सा देने वाले भारत ने कमजोर सेना और राजनीतिक गुलामी के कारण अपना आर्थिक गौरव खो दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर अपनी जगह फिर से हासिल कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत यह कहते हुए किया कि सरकार इन दोनों मोर्चों पर यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि भारत अपने गौरवशाली अतीत को फिर से हासिल करे। उन्होंने कहा कि भारत मजबूत रक्षा उद्योग के आधार पर स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक हथियारों, उपकरणों का निर्माण कर रहा है और सशस्त्र बल को युवा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। साथ ही औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा दिलाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मजबूत सेना न केवल सीमाओं को सुरक्षित करती है, बल्कि किसी देश की संस्कृति और अर्थव्यवस्था की भी रक्षा करती है। हमारा लक्ष्य एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना है, जो अपनी जरूरतों के साथ-साथ मित्र देशों की आवश्यकताओं को भी पूरा करे।

# आमजन को राहत देना राज्य सरकार का ध्येय: गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आमजन को राहत देना राज्य सरकार का ध्येय है। राज्य में उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन कर जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के मानकों को पूरा करने एवं अनुमति मिलने पर ही राज्य सरकारों को ऋण मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पांच बजट में आमजन पर कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है। राज्य सरकार द्वारा जनघोषणा पत्र की 90 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं की क्रियान्विति कर दी गई है। गहलोत शुक्रवार को बाड़मेर में 143 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती जिलों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है। इंदिरा गांधी नहर का जल क्षेत्र में पहुंचाकर पेयजल समस्या का समाधान किया गया। रिफाइनरी से औद्योगिक उत्पादन शुरू होने से क्षेत्र में वृहद् स्तर पर रोजगार सृजित होगा। जल जीवन मिशन के तहत राज्य सरकार द्वारा 55 प्रतिशत बजट दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाड़मेर जिले के 100 प्राथमिक विद्यालयों ।

# जून अंत तक सभी राज्यों में दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेनः अश्विनी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इसी जून के महीने में देश के सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन से कवर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के केवल आठ देशों के पास वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन को बनाने की क्षमता है। नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ साल पूरे होने पर रेल मंत्रालय की उपलब्धियों को गिनवाते हुए अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि साल 2014 के बाद भारत में बड़ा बदलाव आया है। खासकर



रेलवे सेक्टर पहले से कहीं ज्यादा बदल रहा है। आज रेलवे की व्यवस्था यात्रियों के लिए ज्यादा सुविधाजनक है, ट्रेनों में विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक विश्वस्तरीय ट्रेन बन चुकी है। 160-180 किमी प्रति घंटा की स्पीड से दौड़ने वाली ऐसी ट्रेन के बारे में कभी सोचा भी नहीं गया था। उस गति पर ट्रेन को डिजाइन किया गया है। दुनिया के केवल आठ देशों के पास ऐसी ट्रेन को डिजायन और बनाने की क्षमता है। वैष्णव ने कहा कि अभी जून के महीने में देश के सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन से कवर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले नॉर्थ-ईस्ट तक सरकारी योजनाएं सबसे अंत में मिलती थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काल में इस सोच में बदलाव आया है। नॉर्थ-ईस्ट को भी देश के साथ ही वंदे भारत की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड को भी जल्द ही वंदे भारत ट्रेन मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे अगले साल के मध्य तक देश के 200 शहरों को कवर करने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

# टिफिन बैठक के साथ मिशन 2024 की शुरूआत करेंगे जेपी नड्डा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शनिवार को आगरा में पार्टी कार्यकताओं के साथ टिफिन बैठक कर मिशन 2024 की शुरूआत करेंगे। आगरा के जतिन रिसोर्ट में भाजपा अध्यक्ष आगरा के कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र के साथ टिफिन बैठक का शुभारम्भ करेंगे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में मण्डल स्तर पर टिफिन बैठकों का आयोजन होगा। इन बैठकों में केन्द्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा होगी। टिफिन



बैठक में पार्टी के सभी पुराने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जायेगा। चाय पर चर्चा कार्यक्रम से उत्साहित भाजपा ने टिफिन बैठक नाम से नये कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रही है। इसमें पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से भोजन लेकर आयेंगे और बैठक के बाद सामूहिक रूप से बैठक भोजन करेंगे।

इस बैठक के माध्यम से भाजपा पार्टी के पुराने सभी कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में सक्रिय करना चाहती है। इसलिए उनके साथ बैठक कर उनसे सुझाव व सहयोग लेगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महासंपर्क अभियान के तहत भाजपा ने कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है।

### ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका इन पांच देशों के संगठन ब्रिक्स की कल बैठक हुई थी

# जयशंकर ने 'ब्रिक्स के मित्र' देशों की बैठक में भाग लिया

**नई दिल्ली: विदेश** मंत्री डॉ एस जयशंकर ने शुक्रवार को ब्रिक्स के मित्र देशों के विदेश मंत्रियों की केप टाउन में आयोजित बैठक में भाग लिया। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका इन पांच देशों के संगठन ब्रिक्स की कल बैठक हुई थी। इसके बाद ह्यब्रिक्स के मित्र देशों के विदेश मंत्रियों की आज बैठक हुई। इसमें ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, क्यूबा, कांगो, कोमोरोस, गैबॉन और कजाकिस्तान ने ह्यब्रिक्स के मित्र वार्ता के लिए केप टाउन में प्रतिनिधि भेजे थे। मिस्र, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, गिनी-बिसाऊ और इंडोनेशिया ने वर्चुअली इसमें भाग



लिया।बैठक के बाद विदेश मंत्री ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स अब एक विकल्प नहीं है, यह वैश्विक परिदृश्य की एक स्थापित विशेषता है। ब्रिक्स द्वारा आत्मसात किया गया सुधार का मुद्दा बहुपक्षवादी दुनिया में व्याप्त होना चाहिए।

ब्रिक्स के मित्र यूएनएससी सुधार का पुरजोर समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स न केवल बहुध्रुवीयता बल्कि अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने के कई और विविध तरीकों की अभिव्यक्ति है। इसका ध्यान एक निष्पक्ष, समावेशी और खुले अंतरराष्ट्रीय ढांचे के निर्माण पर है, जिसके मूल में सतत विकास है। लचीला और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला बनाना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि कोई भी पीछे न छूटे।

### खबर संक्षेप

## मार पीट तमंचे से फायर करने गोली मिस हो जाने का, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### घटना स्थल घूरघाट उसरा सुनसान क्षेत्र दर्शाया गया है घटना दस मई का है

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो पक्षों में चली आरही पुरानी रंजिश खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बीस दिन बाद दूसरे पक्ष ने मारपीट करने एंव गोली चलाने पर मिस हो जाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी शमसुल कमर पुत्र अब्दुल अजीज का आरोप है कि दस मई को शाम के पहर वह दुकान से घर जा रहा था। तभी घूरघाट उसरा सुनसान स्थान पर पहले से घात लगाए उनके विपक्षी अपना वाहन उसके आगे लगा कर मारने पीटने लगे तथा आरोप है कि उसके उपर तमंचे से फायर कर दिया गया परन्तु गोली मिस हो गई तो वह बाल बाल बच गए। शमसुल कमर ने मऊआइमा थाने में मुजीब, उबैद, सलमान, रहीम उर्फ अल्ली ,मुताल्लिब के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।





# मेजा में पिटाई से घायल किशोर ने तोड़ा दम

## बारातियों ने की थी मारपीट, मामा के साथ गया था, लौटते समय किया था हमला

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** प्रयागराज में क्षेत्र के बलापुर गांव में पिछले 6 मई को बारात में गए युवक की बारातियों ने किसी बात को लेकर जमकर पिटाई कर दी। जिसमें किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। वह अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था।दीपक कुमार सिंह (15) बैदवार गांव का निवासी था। उसका ननिहाल गंगा पार के सराय पट्टी में था। उसके ननिहाल के परिजनों की बारात कोरांव के बलापुर गांव 6 मई को आई थी। बारात में किशोर दीपक भी अपने मामा के साथ बाइक से गया हुआ था। बारात के दौरान किसी बात को लेकर बारातियों और दीपक में कहासुनी हो गई।जैसे ही दीपक अपनी बाइक पर मामा को बैठाकर बारात से वापस कुछ दूर पहुंचा, पीछे से बोलेरो सवार विवाद करने वाले लोग पहुंचकर उसकी बाइक में धक्का दे दिया, जिससे मामा और भांजा बाइक से दूर जा गिरे। मामा किसी तरह जान बचाकर भाग गए, किंतु दीपक को पकड़ कर लोगों ने जमकर पिटाई की। उसे मरा जानकर छोड़कर भाग गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर उसे सीएचसी कोराव लाया गया, जहां गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज चल ही रहा था कि शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा के ऊंचडीह बस स्टैंड के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के बसकड़ी गांव निवासी जयशंकर बिंद (30) पुत्र छोटेलाल बिंद शुक्रवार को घर से अपनी ससुराल मेजा थाना क्षेत्र के नेवढ़िया (पृथ्वी का पूरा )गांव जा रहा था कि जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह बस स्टैंड के समीप पहुंचा ही था कि अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिससे सिर में ज्यादा चोट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने तत्काल उसे अस्पताल भिजवाया जहां रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक दो भाईयों में छोटा था। दुर्घटना में मौत से पत्नी सहित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मांडा में वेबीनार फार आत्मनिर्भर भारत का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मांडा प्रयागराज में जी-20 जनभागीदारी के लिए प्रभात फेरी निकाली जी-20 जनभागीदारी स्किल कलेक्ट शासन के निदेर्शानुसार प्रधानाचार्य डी0पी0 सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें संस्थान के सभी कार्यदेशको, अनुदेशक एवं प्रधानाचार्य संस्था के सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया इस अवसर पर प्रभात फेरी के उपरांत संस्थान में वेबीनार फार आत्मनिर्भर भारत का आयोजन हुआ वेबीनार में वक्ताओं ने कहा कि देश के प्रतिभाओं की कमी नहीं है पूरा विश्वास भारत की ओर आशा भरी नजरों में देख रहा है आज कृषि एवं रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत का डंका बज रहा है आने वाले दिनों में पूरे विश्व में भारत विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाएगा इसमें उपस्थित प्रधानाचार्य डी0पी0सिंह कार्य देशक दयाशंकर मिश्री लाल प्रजापति अनुदेशक नीरज श्रीवास्तव पिंकी केसरवानी किरन कुमारी सुशीला सिंह सुष्मिता सिंह तृप्ति तिवारी एकता गौड़ उत्सव शुक्ला आकाश मिश्रा बृजेश कुमार विश्वकर्मा गजेंद्र प्रताप यादव पंकज कुमार सुनील कुमार राजेंद्र कुमार दुबे गोपाल कृष्ण प्रदीप कुमार पटेल अमरदीप अनिल कुमार कौशल आदि लोग उपस्थित रहे

**6071 गरीबों ने किया है आवेदन :** 76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों की संख्या 6071 पर पहुंच गई। यानी एक फ्लैट के लिए करीब 80 लोगों ने दावेदारी दी है। ऐसे में खुद के आशियाना हासिल करने का सपना किसका साकार होगा, यह तो लॉटरी के बाद साफ हो सकेगा। लूकरगंज में एक बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। इसमें प्रत्येक फ्लैट का कवर एरिया 22.77 वर्गमीटर रहेगा। योजना के अंतर्गत फ्लैट के लिए आवंटी को कुल साढ़े तीन लाख रुपये पीडीए को भुगतान करने होंगे। इसमें 45 हजार रुपये आवंटन के समय और शेष बचे तीन लाख रुपये छह माह की किस्त में देनी होंगे।

## घर से बाहर शौच के लिए गई बहू वापस नहीं लौटी दी तहरीर

**मेजा।** मेजारोड पुलिस चौकी क्षेत्र के कठौली निवासी राम गिरीश प्रजापति के गांव से ही बारात गई थी जिसमें परिवार के सभी सदस्य बारात में गये हुए थे घर में मेरी बहु कंचन पत्नी आशीष कुमार घर में अकेली थी समय लगभग साढ़े सात बजे बहु कंचन शौच क्रिया हेतु घर से बाहर गयी हुई थी उसके बाद वह लौटकर वापस घर नहीं आई तो मेरी पुत्री पूजा को देखभाल करने के लिए छोड़ रखा था जब वह वापस नहीं लौटी तो वह परेशान हो गई और आनन-फानन में मेरे पास फोन कर बहु कंचन के घर न आने के बावत बतायी में तत्काल परिवार के साथ बारात से वापस घर आया तथा नात-रिस्तेदारियों व बहु के मायके तथा अन्य कई सम्भावित स्थानों पर बीते पांच दिनों तक काफी खोजबीन करता रहा किन्तु उसका कहीं अता पता नहीं चल रहा है। मेरी बहू का रंग गोरा है लम्बाई लगभग पांच फिर है बैगनी रंग की साडी पहने हुई है। ऐसी स्थिति में सूचना देकर गुमशुदी रिपोर्ट दर्ज कर बरामद किया जाना नितान्त आवश्यक।

# नशामुक्ति जीवन ही खुशहाल परिवार का आधार

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** ग्राम भ?इयां में श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित ग्रामीणों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाते हुए ब्यासपीठ पर बैठे स्वामी चेतनदास जी महाराज ने कहा कि यदि वास्तव में सुखमय जीवन जीना चाहते हैं तो जीवन को नशामुक्त करना होगा।आज समाज में फैली हुई ज्यादातर बुराइयों का आधार नशा है। आदतों में सुधार हेतु आवश्यक है कि प्रत्येक दिवस योग को अंगीकार करें। तभी परमहंस महाराज जी के स्मृति महोत्सव का उद्देश्य सार्थक होगा। परमहंस गोपाल मणी जी महाराज परम योगी थे योगसाधक ही 302वर्ष धराधाम पर रह सकता है। वैश्विक स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर भ?इयां के महन्त श्री ब्रह्मानंद महराज जी द्वारा बताया गया कि जीवन को खुशहाल बनाने के लिए नियमित रूप से योग करना जरूरी है। छोटी -छोटी सावधानियां ब्यक्तित्व को निखारने में सहयोगी साबित होती हैं। वहीं लापरवाही से जीवन जोखिम भरा हो जाता है। इसलिए महापुरुषों के बताए हुए मार्ग का ही अनुसरण किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य को संयमित रखने के लिए ही विश्व स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। यद्यपि ग्रामीणों की दिनचर्या बहुत सुन्दर तरीके से अग्रसर हो रही है जिसका जीवंत प्रमाण है कि सुबह 6बजे तक मंदिर में भगवान की आरती होती है। सैंकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति से भक्तिमय वातावरण दिखाई देता है। आरती -पूजन के बाद सुन्दर साथ गण पारायण पाठ करने में लग जाते हैं।पारायण पाठ पर प्रकाश डालते हुए श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी राजकुमार मिश्र ने बताया कि सुन्दर समाज की स्थापना हेतु सुन्दर आचार, सुन्दर विचार, सुन्दर संस्कार, सुन्दर सरोकार, को आत्मसात करने वाले ब्यक्ति सुन्दर साथ कहलाते हैं। ऐसे सुन्दर साथ ही पारायण पाठ करने के लिए योग्य होते हैं। नियमित रूप से पारायण पाठ का भी सप्तदिवसीय आयोजन किया गया है।श्री निजानंद आश्रम गाजियाबाद के महंत स्वामी सुदीप जी महाराज ने परमहंस गोपाल मणी जी महराज की कर्मभूमि भ?इयां को नमन करते हुए उपस्थित जनसमुदाय से अपील करते हुए आग्रह किया कि जिस प्रकार से परमहंस महाराज जी ने अपने अनुयायियों को "सुन्दर साथ"नाम से संबोधित किया है उसी प्रकार से आचरण करते हुए समस्त अनुयायियों का नैतिक कर्तव्य है कि अपने उत्तम आचरण से समाज व राष्ट्र की सेवा करें। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा का वर्णन करते हुए कथावाचक श्री चेतनदास जी महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव को जीवंत स्वरूप में ग्रामीणों को भावविभोर कर दिया। श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व क्षेत्रीय प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से तीसरे दिन की कथा हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुई।

## देर रात तक खुली रहती हैं शराब की दुकान




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के विभिन्न कस्बों में संचालित अंग्रेजी शराब की दुकानें देर रात तक खुली रहती हैं। इससे शराब की दुकानों के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। क्षेत्र में सिरसा, मेजारोड़, रामनगर,आदि प्रमुख बाजारों में अंग्रेजी शराब की दुकानें हैं। इन कस्बा में संचालित दुकानें समय से बंद नहीं होती। आधी रात तक दुकानों के आसपास शराब के शौकीन मंडराते रहते हैं। इससे आसपास के लोग परेशान हैं। लोगों ने प्रशासन से दुकानों को समय से बंद कराने की मांग की है। इलाकाई प्रशासन देखकर भी कोई कार्यवाही नही करती और ना कोई वार्निंग देती हैं। जिससे शराब के दुकानदारों में हौसला बना है। शासन और प्रशासन के ताक पर रखकर समय सीमा के बाहर आधी रात तक शराब की दुकानें खुली रहती हैं। इस समय शादी- विवाह के समय मे शराब पीने वाले नशेड़ियों का शराब के दुकान पर आधी रात तक देखा जा सकता हैं। रात में आये दिन सड़क दुर्घटना में कई शराबियों का शराब पीने से एक्सीडेंट का शिकार हो चुके है। कइयों को तो मौत अपने आगोश में ले लिया है तो कइयों को विकलांगता का शिकार हो चुके हैं। ऐसे में शादी-विवाह के समय प्रशासन और शासन को ध्यान रखते हुए शराब की दुकानों को शासना अनुसार समय से बंद करना चाहिए।

## किशोरी का अपहरण कर अपने घर मे रख लिया, उलहना देने पर मारा पीटा थाने में दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव का युवक किशोरी को बहला फुसलाकर कर अपहरण कर अपने घर में रख लिया। जब किशोरी के परिजन उलहना देने गए तो उन्हें जमकर पीटा गया। मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को गांव का एक युवक बहलाफुसला कर अपहरण कर अपने घर में रखे हुए हैं। आरोप है कि जब किशोरी के परिजन उलहना देने गए तो उन्हें मारा पीटा गया तथा यह धमकी दी गई कि यदि कहीं शिकायत किए तो जान से मार देगें। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में नामजद तहरीर दी है. पुलिस तहरीर लेकर प्रकरण की जांच कर रही है।

# युवा कल्याण विभाग द्वारा पर्यावरण सुरक्षा के लिये दिलाया गया सपथ




अखंड भारत संदेश

**जसरा।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जसरा देवांसिका सिंह जी द्वारा शिवपुरी कालोनी में छात्र छात्राओं को शपथ पत्र के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा के लिये सपथ दिलवाया गया और हम पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रख सकते है इसके विषय में जानकारी दी गयी। शपथ दिलाने में शामिल रहे, समाजसेवी सुधांशु मिश्रा अजीत मालवीय, शनी शुक्ला, विमल मिश्रा, बीड़ी प्रजापती, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## रास्ता रोक कर युवक को मारा पीटा गया आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** रास्ता रोक कर एक युवक को आधा दर्जन युवकों ने मार पीट कर जख्मी कर दिए। जख्मी यूवक ने तहरीर दे कर आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। प्रतापगढ़ के थाना देल्हूपुर के ग्राम भिखनापुर निवासी प्रमोद कुमार सिंह पुत्र अरुण सिंह का आरोप है कि वह मऊआइमा के ग्राम रामनगर गंसियारी निवासी अपने रिश्तेदार यहाँ आया हुआ था। आरोप है कि मामूली बात को लेकर रास्ते मे रोक कर उसे दौडा दौडा कर मारा पीटा गया। जान से मारने की धमकी भी दी गई। प्रमोद सिंह ने मऊआइमा थाना में तहरीर दी कर रामनगर गंसियारी गांव निवासी गजेंद्र यादव, सुनील कुमार, सौरभ कुमार, अमन कुमार ,आयूष, साहिल पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।




## ग्राम चौपाल में आवेदन लेकर निस्तारण का दिया गया आश्वासन

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा मनापुर उर्फ बगई कला में शासन द्वारा निर्दिष्ट ग्राम चौपाल योजना द्वारा ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह ने ग्राम चौपाल लगाकर ग्राम सभा के ग्रामीण फरियादियों द्वारा विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु आवेदन पत्र लिए गए। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में मौजूद फरियादी कमलेश कुमार ने नाली के लिए एवं अमर सिंह ने इंटरलॉकिंग के लिए आवेदन पत्र दिया। इस अवसर पर चौपाल कार्यक्रम में मौजूद खण्ड विकास अधिकारी सहसों श्याम नारायण चतुवेर्दी ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए फरियादियों द्वारा दिए गए आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , ग्राम विकास अधिकारी अश्विनी कुमार, राजेन्द्र पटेल, रविन्द्र भारतीया एवं अशोक कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच के अध्यक्ष बने रसिकेश

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी कवि रामनाथ त्रिपाठी रसिकेश को साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच का अध्यक्ष बनाया गया है। 2002 में स्थापित संस्था के अध्यक्ष पद का निर्वहन पिछले बीस वर्षों से हास्य कवि कुटेश्वर नाथ त्रिपाठी चिरकुट इलाहाबादी कर रहे थे। उनकी मृत्यु के बाद यह पद खाली हो गया था। शुक्रवार को प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व डॉ शंभु नाथ त्रिपाठी अंशुल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में संचालक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच के अध्यक्ष पद के लिए रामनाथ त्रिपाठी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका उपस्थित कवि साहित्यकारों ने पुरजोर समर्थन किया। कवि अंशुल द्वारा त्रिपाठी का माल्यार्पण कर उनको यह दायित्व सौंपा गया। अध्यक्ष चुने जाने पर कवि रसिकेश ने कहा कि वे इस गुरुतर दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और जल्द ही प्रयागराज के साहित्यकारों की एक बैठक बुलाएंगे। कार्यक्रम में डॉ वीरेन्द्र तिवारी, फतेहबहादुर सिंह, महक जौनपुरी, अनुराग, अशर्फी लाल सहित यमुनापार व नगर के कई कवि साहित्यकार, पत्रकार व समाजसेवी मौजूद रहे।

## प्राइवेट वाहनों में सत्ता पक्ष के झंडा , हूटर लगा कर तेज आवाज में बजाने से ग्रामीम त्रास्त

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्रामीण क्षेत्रों में काली फिल्म लगे चार पहिया एंव बुलेटों में लगे हूटरों के बजने पर ग्रामीण दहल जा रहे हैं। इन पर आखिर कब कार्यवाही होगी पुलिस प्रशासन भी खामोश है।ग्रामीणों ने इन वाहनों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा क्षेत्र के तिलईबाजार ,घीनपुर ,नौगारा, बडोरा ,महरौंडा, कल्याणपुर आदि स्थानों पर दबंग, माफिया प्रवृत्ति के लोगों द्वारा योगी सरकार को बदनाम करने का नया तरीका इजाद कर लिया है। बताया गया है कि सत्ता पक्ष के किसी नेता से जान पहचान हो जाने पर वह सत्ता पक्ष का झंडा लगा कर हूटर लगा लेते हैं। बताते हैं कि चार पहिया वाहनों के अलावा बुलेट में भी ट्रक का हार्न एंव हूटर लगा कर चौराहों ,भीड भाड क्षेत्रों, बाजारों ,अपने विरोधियों को सुनाने के लिए हूटर बजाने लगते हैं।हूटर बजते ही लोग चौक जाते है।सबसे चौकाने वाली बात यह है कि गांव में जो कोई चार पहिया वाहन रखे हैं वह भी काला शीशा एंव हूटर लगा कर चारों तरफ घूम घूम कर ग्रामीणों को भौचक्का कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इन पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## तीन अलग अलग गांवों में मार पीट कई जख्मी

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना अंतर्गत तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को कई जख्मी हुए है। पुलिस ने तीनों मामलों में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा के ऊंचडीह गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र कन्हैयालाल का आरोप है कि पडोसी अनायास उसे मारा पीटा और गालियां दी। प्रदीप कुमार ने सचिन कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम सिंसवां निवासी सुफियान अली मोहम्मद हामिद का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसकी सैलून की दुकान में घुस कर मारे पीटे और कांच का सारा सामान तोड दिए। पुलिस ने आजाद, किताबुल निशां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम बांकाजलालपुर निवासनीय क्रांती देवी पत्नी राजेश कुमार का आरोप है कि मामूली कहासुनी पर डंडों से उसे पीटा गया। क्रांति देवी ने थाने में काजल और शकुंतला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सरकारी तालाबों पर बस गया पूरा गांव, तालाब केवल सरकारी अभिलेखों में है दर्ज

अखंड भारत संदेश

### लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के रिपोर्ट के बाद भी प्रशासन मौन, आज तक दबंगों के आगे किसी अधिकारी की नहीं चली

**मऊआइमा।** तालाबों की जमीनों पर एक के बाद एक करके कब्जा होता रहा। यहां तक कि अब पूरी बस्ती आबाद हो गई। शासन प्रशासन के तमाम नोटिसों को दबंग कुछ नहीं समझते।।जिससे गांव के तालाब केवल सरकारी अभिलेखों में नुमाइश बन कर रह गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट दिए जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा अभी तक कब्जा धारकों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करने की जैसे कसम खा ली है। जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि तालाबों पर हुए कब्जे को ध्वस्त कर दिया जाए। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना एवं बहरिया विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले सराय ख्वाजा गांव में सरकारी अभिलेखों में दर्जनों की संख्या में तालाब दर्ज है।लेकिन वर्तमान समय में मौके पर एक भी तालाब का वजूद नही है। इसे लेकर गांव के इम्तियाज अहमद द्वारा जिला अधिकारी एवं एसडीएम फूलपुर को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया गया है। कि गांव के दो दर्जन तालाबों पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके पक्के भवनों का निर्माण करा लिया गया है ।जिसके चलते इन तालाबों का वजूद सिर्फ सरकारी अभिलेखों में ही सीमट कर रह गया है। शिकायती पत्र के जांच करने पर लेखपाल जीतेंद्र कुमार मिश्र एवं राजस्व निरीक्षक हनुमान प्रसाद मिश्रा द्वारा पाया गया कि उपरोक्त सभी तालाबों की नवैयत बदल कर पक्के भवनों तब्दील हो गया है। ।राजस्व कर्मियों ने बताया कि तालाबों पर अवैध रूप से कब्जे को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा सभी अवैध कब्जा धारकों को नोटिस दी गई। लेकिन दबंगों द्वारा नोटिस का जवाब देने की आवश्यकता नहीं समझी गई। अलबत्ता दीवानी न्यायालय में वाद दायर किया गया है जो अभी विचाराधीन है। इस बाबत राजस्व निरीक्षक हनुमान प्रसाद मिश्रा ने बताया कि सभी कब्जा धारकों को नोटिस दी गई है जवाब न मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### दोस्तों संग स्नान करने गया किशोर गंगा में डूबा, देर रात तक होती रही खोजबीन

**प्रयागराज।** कोचिंग के बाद अपने दोस्तों संग श्रृंगवेरपुर के गऊ घाट पर स्नान करने गया किशोर गंगा की धारा में समां गया। किशोर को डूबता देख साथी शोर मचाते भागे। आस पास के लोगों को जानकारी हुई तो भीड़ जमा हो गई। सूचना पर ग्रामीणों के साथ परिजन और इंस्पेक्टर नवाबगंज मयफोर्स आ गए। किशोर की तलाश देर रात तक पता नहीं चल सका। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बांधपुर डहरपुर गांव निवासी संजय पांडेय अंधियारी टोल प्लाजा पर कर्मचारी हैं। उनके तीन बच्चों में दूसरे नंबर का केशव पांडेय (12) गुरुवार को कोचिंग पढ़ने गया था। बताया जाता है कि केशव शाम करीब साढ़े पांच बजे कोचिंग पढ़कर दो अन्य साथियों के साथ श्रृंगवेरपुर के गऊ घाट पर स्नान करने पहुंच गए। तीनों किशोर गंगा स्नान कर रहे थे तभी केशव गहरे पानी में चला गया।


**शातिर बदमाश चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार : कोराव।** कोराव पुलिस ने एक सातिर अपराधी को गिरफ्तार कर जैल भें दिया। गिरफ्तार लुटेरा अभिसेख पाल निवासी सेमरी बाघराय मुकद्दमा अपराध संख्या 280/2023 धारा 41/411, 419, 420, 467, 468 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत है। इसके पूर्व भी क्राइम नंबर 171/2023 धारा 392, 411, आईपीसी में इनबाल्ब है। बदमाश के पास एक बाइक चोरी की बरामद हुई है।

# अल्लापुर में स्थित पूर्व विधायक विजय मिश्रा का आलीशान मकान कुर्क

अखंड भारत संदेश

## भदोही पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में की कार्रवाई





**प्रयागराज।** प्रयागराज के अल्लापुर स्थित बहुमंजिला मकान को प्रशासन ने कुर्क कर दिए माफिया पूर्व विधायक विजय मिश्रा पर योगी सरकार ने शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में प्रयागराज के अल्लापुर में स्थित आलीशान बहुमंजिला मकान को भदोही पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर दिया। इस दौरान डुगडुगी बजवाकर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। मकान को रखाली कराने के लिए पुलिस ने गुरुवार को किराएदारों को 24 घंटे की मोहलत दी थी। आज मकान को कुर्क करने के बाद सील कर दिया गया साढ़े आठ करोड़ है मकान की कीमत भदोही पुलिस गुरुवार को ही कुर्की की कार्रवाई करने पहुंची थी। इस मकान में किराएदार के रूप में रह रहे अधिवक्ता रजनीश शुक्ला ने मकान खाली करने के लिए 24 घंटे की मोहलत मांगी थी। अधिवक्ता के निवेदन पर मानवीय आधार पर विचार करते हुए पुलिस ने 24 घंटे की मोहलत दी थी। इस मकान पर पुलिस ने गुरुवार को कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया था। डीएम भदोही ने 9 दिसंबर 2022 को गैंगस्टर एक्ट 14 (1) के तहत माफिया विजय मिश्र के मकान को कुर्क करने का आदेश दिया था। अल्लापुर के बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम में स्थित मकान नंबर 13 एमआईजी फेस 2 को कुर्क करने का आदेश जारी किया था। यह मकान विजय मिश्रा के भतीजे मनीष मिश्रा की पत्नी बिंदु मिश्रा के नाम पर है। इसे विजय मिश्रा की बेनामी संपत्ति बताया जा रहा है। 435.66 वर्ग मीटर में बना 3 मंजिला आलीशान मकान की कीमत आठ करोड़ 30 लाख के करीब आंकी गई है। इसके पहले भी डीएम के कुकी आदेश के क्रम में भदोही पुलिस प्रयागराज की जॉर्ज टाउन थाना पुलिस के साथ यहां पहुंची थी। इस मकान को कुर्क करने के लिए 27 दिसंबर 2022 और एक जून 23 को भी यहां पहुंची थी रिश्तेदार ने ही लिखवाया था धोखाधड़ी का केस पूर्व विधायक विजय मिश्र के भाई ने उनके व पुत्र, पत्नी राम लली मिश्रा के खिलाफ चार अगस्त 2020 को गोपीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि विजय मिश्र ने 2001 में मेसर्स कृष्ण मोहन तिवारी फर्म पर जबरन कब्जा कर लिया है। मकान में रह रहे हैं फर्म का पैसा स्वं, अपने पुत्र व पत्नी के खाते में स्थानांतरित कर रहे हैं पांच चेक पर शिकायतकर्ता के जबरन हस्ताक्षर ले लिए। वसीयत लिखने का दबाव बना रहे और पूरे परिवार को परेशान कर रहे हैं पूर्व विधायक विजय मिश्रा कई साल से जेल में बंद है विजय मिश्रा पर उनके ही रिश्तेदार ने फ्रॉड और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था इस वक्त विजय मिश्रा आगरा जेल में बंद है।

# धांधली में फरार सॉल्वर गिरफ्तार, एसटीएफ ने नए यमुना पुल से पकड़ा

अखंड भारत संदेश

## लेखपाल भर्ती परीक्षा

**प्रयागराज।** एसटीएफ लखनऊ की टीम ने पिछले साल हुई लेखपाल भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले गिरोह के मददगार सॉल्वर अंकुर उर्फ अमित कटियार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे नैनी नए यमुना पुल से पकड़ा गया। वह पिछले नौ महीनों से फरार चल रहा था।एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अंकुर पुत्र रामदत्त कानपुर के पीताम्बरपुर सिकंदरा का रहने वाला है। उसने बताया कि आशुतोष उत्तम नाम के व्यक्ति ने उसे मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज नैनी के प्रबंधक जयबाबू तिवारी से मिलाया था। जयबाबू प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाने का काम करता था। 2019 में वह उसके संपर्क में आया और फिर उसके साथ मिलकर काम करने लगा।वह प्रश्नपत्रों को हल करने का काम करता था। 31 जुलाई 2022 को हुई राजस्व लेखपाल परीक्षा में जयबाबू ने उसे व्हाट्सएप के जरिए एच व सी सिरीज का प्रश्नपत्र भेजा था। जिसे सॉल्व करके उसने वापस जयबाबू को उपलब्ध करा दिया था। इसके बदले में उसे मोटी रकम मिलती थी।

**चार प्रबंधक समेत आठ हुए थे गिरफ्तार :** पिछले साल 24 अगस्त को डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ ने नैनी में सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान चार कॉलेज प्रबंधक समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन्होंने लेखपाल भर्ती परीक्षा में भी लाखों रुपये लेकर कई अभ्यर्थियों को पेपर सॉल्व कराए थे। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल कॉलेज प्रबंधक जयबाबू तिवारी नकल माफिया रैकेट का सरगना था।

# ए यू की एलएलबी प्रवेश परीक्षा में 2 सॉल्वर एसटीएफ ने किया अरेस्ट

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी में दो मुन्ना भाई पकड़े गए दूसरे की जगह पेपर देते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा एलएलबी ऑनर्स प्रवेश परीक्षा में दो सॉल्वर पकड़े हैं। ये दोनों सरस्वती बाल विद्यामंदिर, नैनी में दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे थे। परीक्षा देने के एवज में सॉल्वरों को 25 हजार रुपये मिलना था एसटीएफ ने परीक्षा कक्ष में जाकर पकड़ा सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज चकदाउद नगर नैनी में परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि मूल अभ्यर्थी प्रशान्त कुमार यादव, पुत्र संत लाल यादव निवासी- ग्राम हरिशंकरपुर पोस्ट परसीपुर, थाना कुंडा प्रतापगढ़ के स्थान पर साल्वर मोहम्मद आवेद पुत्र मोहम्मद जावेद, निवासी-सलोन, थाना सलोन, जनपद रायबरेली परीक्षा दे रहे हैं। एसटीएफ ने परीक्षा कक्ष में जाकर चेक किया तो दोनों दूसरे की जगह परीक्षा देते पाए गए 25 हजार रुपए में हुई थी डील, परीक्षा के बाद मिलने थे रुपए एएसपी एसटीफ नवेंदु कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार मोहम्मद आवेद से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह अपने मित्र प्रशान्त कुमार यादव की जगह इलाहाबाद विश्व विद्यालय की एलएलगी ऑनर्स प्रवेश परीक्षा-2023 में दे रहा था। प्रशान्त हमेशा मेरी आर्थिक मदद करता है। इस परीक्षा में बैठने के एवज में प्रशान्त ने मुझे 25 हजार रुपये देने का वादा किया था। ये पैसे परीक्षा के बाद मिलने थे। परीक्षा केन्द्र श्रीमती डी. सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज, नैनी से मूल अभ्यर्थी आशुतोष पटेल पुत्र मूलचन्द्र पटेल निवासी-सिरसा सगाई का पुरा, थाना सोरोंव प्रयागराज के स्थान पर साल्वर अनिल कुमार यादव पुत्र

### सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज नैनी में दूसरे की जगह दे रहे थे परीक्षा एसटीएफ ने रंगेहाथ पकड़ा







कैलाश यादव निवासी- ग्राम नसीरपुर, होलीपुर, थाना सैदपुर, जनपद गाजीपुर को परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है एलएलबी छात्र धारा सिंह ने कहा था दूसरे की जगह परीक्षा देना है पूछताछ में साल्वर अनिल कुमार यादव ने बताया के जब वह 2014-15 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक कर रहा था तभी उसकी मुलाकात एलएलबी कर रहे छात्र धारा सिंह पटेल, निवासी सोरांव, जनपद प्रयागराज से हुई थी एक माह पूर्व धारा सिंह पटेल द्वारा उससे इलाहाबाद विश्वविद्यालय एलएलबी एच ओ यन यस प्रवेश परीक्षा-2023 में मूल अभ्यर्थी की जगह परीक्षा में बैठने के लिये कहा गया था। इसके एवज में मुझे धारा सिंह पटेल द्वारा 25,000 रुपए दिये जाने की बात तय हुई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद ये पैसे मिलने थे।

# नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाने के बाहर रखी वाहनों में लगी आग

## सीज की गई कार-ट्रक समेत 12 से ज्यादा वाहन जले, 5 दमकल की गाडियों ने पाया काबू

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी के औद्योगिक क्षेत्र थाने के बाहर खड़ी सीज गाड़ियों में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई देखते ही देखते 12 से ज्यादा गाडियां आग की चपेट में आकर धू धूकर जलने लगी औद्योगिक क्षेत्र थाने के कई दरोगा एवं सिपाही होमगार्ड आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत किए लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका फायर ब्रिगेंड को सूचना दी गई मौके पर पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लगभग 12 गाड़ियां जलकर खाक हो गई आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई है पुलिस का कहना है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग सकती है, लेकिन अब तक जांच किया जा रहा है नैनी के औद्यगिक क्षेत्र थाने के बाहरी हिस्से में लावारिस, एक्सीडेंटल केस से जुड़े वाहन, सीज किए गए वाहन खड़े किए गए हैं शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे थाना परिसर के बाहर रोड पटरी के किनारे खड़े ट्रक और अन्य वाहनों में अचानक से आग की लपटें उठने लगीं पहरा ऊयूटी पर तैनात कांस्टेबल ने देखा तो आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी इसके बाद फायर ब्रिंगेड बुलाई गई जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची एक-एक करके ट्रक, कार और तीन पहिया वाहनों में करीब 12 से ज्यादा गाड़ियां जल गई 5 दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू आग बुझाने को लेकर मशक्कत शुरू हो गई खड़ी गाड़ियों में लगी आग की लपटों पर काबू पाने के लिए पांच दमकल की गाड़ियां बुलाई गई इस दौरान वहां खड़े वाहनों को बाहर हटाया गया जिसकी वजह से 15 वाहन आग से जलने से बचा लिए गए तब जाकर करीब दो घंटे की कड़ी मशव्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पा लिया गया लेकिन आग की तेज लपटों के कारण आग परकाबू पाने में काफी मुश्किल आ रही थी प्रभारी थानाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि जहां वाहन खड़े कराए गए हैं, उसके ऊपर से बिजली का तार गया है आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है, लेकिन अभी क्लियर नही कहा जा सकता है आग से कितनी गाड़ियां जली हैं, अभी ये आंकड़ा नहीं बता पाएंगे। मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त करछना अजीत सिंह चौहान ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लग सकती है।

## मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर बोले सांसद

# भाजपा का मूल मंत्र, लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक को मिले योजनाओं का लाभ

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी के मेवालाल बगिया स्थित एक गेस्ट हाउस मेंआयोजित कार्यक्रम में केंद्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पुर्ण होने के बाद पार्टी की ओर से व्यापक पैमाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किए गए सराहनीय कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेताओं की टीम नैनी में जुटी जिसमें प्रमुख वक्ता के प में झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, नवन्विाचित महापौर गणेश केसरवानी समेत दर्जनों भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए नैनी के मेवालाल बगिया स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता एवे राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9 साल का कार्यकाल बेदाग रहा है। विश्‍ स्तर पर भारत की छवि सुधरी है। आज भारत का विश्‍ के हर मंच पर सम्मान होता है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मकसद लाइन में खड़ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, क्योंकि प्रधानमंत्री खुद एक गरीब परिवार से आते हैं गरीबी क्या होती है। उसका दर्द क्या होता है, इसके बारे में उन्हें भली-भांति पता है जल जीवन मिशन के तहत नल से 12 करोड़ घरों में पहुंचाया जल कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा दुनिया की सबसे बड़ी योजना



हर घर जल योजना के तहत केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार ने रिकार्ड कनेक्शन देने का काम किया है। जल जीवन मिशन के तहत नल से लगभग 12 करोड़ घरों में जल पहुंचा। हमने विकास में भेदभाव नहीं किया। कांग्रेस की तरह कि केवल एक इलाके या एक क्षेत्र का विकास नहीं किया जाता। पीएम गरीब कल्याण योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान किया गया। स्वागत प्रयागराज की सासंद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी व जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती और संचालन व परिचय जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेदी ने किया। इस दौरान विधायक कोराव राजमणि कोल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर मौर्य, योगेश शुक्ला, पुष्पराज सिंह परटेल, सतीश विश्‍वकर्मा, संजीव जायसवाल और मिथिलेश पांडेय वार्ड नंबर 20 चक रघुनाथ के पार्षद राकेश जयसवाल महिला मोर्चा आकांक्षा जायसवाल आदि मौजूद थे।

# माफिया अतीक से खाली कराई गई भूमि पर आवास बनकर तैयार, 6 जून को निकाली जाएगी लॉटरी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लॉटरी छह जून को निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को लॉटरी निकालने से संबंधित विज्ञापन भी जारी कर दिया जाएगा। आवास का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसको भगवा रंग में रंगवाया गया है।

**भगवा रंग में दिखेगा आवास :** लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा बनाए जा रहे प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के फ्लैट भगवा दिखेंगे। इन फ्लैटों के निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। साथ ही इन्हें भगवा रंग में



रंगवाया जा रहा है। जल्द ही इन फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसंबर 2021 में फ्लैटों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था।प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 1731 वर्गमीटर में तैयार कराए जा रहे 76 फ्लैटों के लिए कुल 6071 लोगों ने आवेदन किया है। फ्लैट के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। लॉटरी निकलने के बाद आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का खुद के आवास का सपना पूरा हो जाएगा।

**हर एक फ्लैट के 80 दावेदार :** माफिया अतीक अहमद से लूकरगंज में खाली कराई गई जमीन पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के 76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 जुलाई तक थी।आवेदन के बाद एक फ्लैट पर 80 दावेदारी सामने आए हैं। ऐसे में अपने घर का सपना किसका साकार होगा, यह पीडीए की लॉटरी निकालने के बाद ही साफ हो सकेगा।लूकरगंज फ्लैट का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। यहीं कारण है कि मुख्यमंत्री ने इन फ्लैट के निर्माण की नींव स्वयं ही पिछले साल दिसंबर में रखी थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से इन फ्लैट के लिए आवेदन प्रक्रिया इस वर्ष 30 जून से शुरू हुई थी।

# वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने किया बाढ़ पम्पिग स्टेशनों का निरीक्षण



**प्रयागराज।** शुक्रवार को नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा बक्शी बांध एवं मोरी गेट बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में नगर आयुक्त महोदय द्वारा विद्युत विभाग को बांढ पम्पिंग स्टेशन का फीडर अलग करने, मोरी गेट पर नगर निगम को नाला सफाई हेतु निर्देशित किया गया है तथा जलकल विभाग के महाप्रबन्धक को बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों के संचालन सुचारू रूप से किये जाने हेतु निर्देशित किया जिससे बाढ़ के समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत चौकी विकास खण्ड उरूवा, प्रयागराज

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

ग्राम पंचायत चौकी, विकास खण्ड उरूवा जनपद प्रयागराज में 14/15वीं वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नाली निर्माण, नाली मरम्मत एवं पाइप, खड़जा निर्माण खड़ना मरम्मत कार्य, हैंडपम्प मरम्मत और रिबोर कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, शौचालय निर्माण एवं मरम्मत, सोलर लाइट, डस्टबिन सफाई किट व सामुदायिक शौचालय एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एस०एल० डब्ल्यू0 एम0 के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्य आदि में आपूर्ति होने वाली समस्त सामग्री जैसे इंटरलाकिंग ईंट, सीमेन्ट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एस०एल० डब्ल्यू० एम० सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त कार्य कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, माक्स, सेनीटाइजर स्प्रे मशीन, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन, अत्योष्टि स्थल के निर्माण कार्य व मरम्मत कूडा गाड़ी/ई- रिक्शा सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती ` है। दिनांक 03.06.2023 से दिनांक 06.06.2023 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 10.06.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष` 2023/2024 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगा।

**फतेह बहादुर निषाद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत चौकी वि०ख०**
**उरूवा प्रयागराज**

**सुजीत कुमार**
**ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चौकी वि०ख० उरूवा,**
**प्रयागराज**


# तालाब पर मिट्टी खोदते समय मलबे में दबकर एक बच्चे की मौत, तीन घायल



**हंडिया।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के पकलोर गांव के तालाब में गांव के ही कुछ बच्चे मिट्टी खोद रहे थे कि अचानक मिट्टी का ढेर बच्चों के ऊपर गिर पड़ा। जिससे वहां मौजूद चार बच्चे मिट्टी के ढेर में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही परिजन सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचकर किसी तरह मिट्टी के ढेर में दबे चारो बच्चों को बाहर निकाला। उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने एक बच्चे सूरज बिन्द को मृत घोषित कर दिया। हंडिया कोतवाली क्षेत्र के पकलोर गांव निवासी सूरज बिन्द पुत्र देवराज बिन्द (10) अपने बड़ी बहन पूजा बिंद 13 तथा अनीता पुत्री नंदलाल बिंद 15, राधा पुत्री नगीना बिंद 16 आदि बच्चों ने गांव के तालाब से मिट्टी खोदकर अपने घर ला रहे थे। जहां बृहस्पतिवार सुबह समय करीब 10 अचानक मिट्टी का ढेर चारों बच्चों के ऊपर गिर पड़ा, जिसके मलबे में दबकर बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए । तालाब के बगल भैंस चरा रहे एक युवक ने देखा तो वह घबरा गया और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंचे परिजनों के साथ ग्राम प्रधान रंजीत भारतीय सहित गांव के तमाम लोगों ने मिट्टी के ढेर में दबे बच्चों को बाहर निकाला। मृतक सूरज तीन बहनों में इकलौता भाई था। वह कक्षा चार में पढ़ता था। देवराज मजदूरी कर अपना और अपने बच्चों का भरण पोषण करता है। ग्राम प्रधान सहित गांव के तमाम लोगों के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सुपर्द कर दिया।

# 2 किमी तक किया पीछा, मौका मिलते ही बोला हमला दोस्त के सामने ही पीट-पीटकर मार डाला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज में रिटायर फौजी धर्मेंद्र कुमार सिंह की हत्या करने वाले बदमाशों ने करीब दो किमी तक उसका पीछा किया था। सुलेमसराय में बाइक छू जाने पर कहासुनी के बाद ही वह पीछे लग गए थे। बदमाश सुलेमसराय से पीछा करते रहे और जैसे ही अबूबकर पुर चौराहे पर रिटायर फौजी ने बाइक रोकी, उन्हें मौका मिल गया और उन्होंने वारदात अंजाम दे डाली।मृतक की पत्नी के भाई आलोक कुमार सिंह भी फौज से रिटायर हैं और वारदात के बाद अस्पताल पहुंचने वालों में वह भी शामिल थे। उनके मुताबिक, घटना के प्रत्यक्षदर्शी सोहन पाल ने बताया कि धर्मेंद्र की हत्या करने वाले बदमाश सुलेमसराय से ही उनके पीछे लग गए थे। वहां बाइक छूने पर युवकों ने गालीगलौज की और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए।घटना के वक्त बाइक वह चला रहा



था जबकि धर्मेंद्र पीछे बैठे थे। विवाद होते देख उसने बाइक की स्पीड बढ़ा ली और फिर घर की ओर बढ़ गया। अबूबकरपुर चौराहे पर धर्मेंद्र को कुछ सामान लेना था। साथ ही वहीं से उसे भी घर चले जाना था, ऐसे में उसने बाइक रोक ली। इसके तुरंत बाद ही पीछे से तीन बाइक पर सवार होकर वही छह युवक आ धमके, जिनसे कुछ देर पहले कहासुनी हुई थी। पहुंचते ही घेरकर पहले बदमाशों ने उसे गालियां देनी शुरू की।धर्मेंद्र ने विरोध किया तो पिस्टल निकाल लिया और उनसे भी गालीगलौज करने लगे। फिर अचानक हमला बोल दिया। वह गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन बदमाश तब तक वार करते रहे जब तक कि धर्मेंद्र जमीन पर नहीं गिर पड़े।

**सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई तस्वीरें :** जिस जगह पर वारदात हुई, वहां आसपास फिलहाल कोई सीसीटीवी कैमरा पुलिस को नहीं मिला है। हालांकि रास्ते पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में उनकी तस्वीर कैद हुई है। इस फुटेज के जरिए उनकी तलाश की जा रही है।

**स्मैकियों पर शक, शाम होते ही लगता है जमावड़ा :** वारदात जिस बेखौफ तरीके से अंजाम दी गई, उससे इसमें स्मैकियों के हाथ होने का भी शक जताया जा रहा है। दरअसल धूमनगंज का नीवा, गढ़वा, ताड़बाग, पीपलगांव नशेड़ियों के लिए कुख्यात है। शाम होते ही इन मोहल्लों में नशेड़ियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। सरेराह गुंडई के अलावा नशे की लत पूरा करने के लिए वह लूट, छिनैती की वारदातें करते हैं। फरवरी में पुलिस ने ऐसे ही दो बदमाशों को रम्मन का पुरवा तिराहे से गिरफ्तार किया था। दोनों ने अपने एक अन्य साथी संग मिलकर पीपलगांव निवासी शिक्षक बृजेश कुमार से लाइसेंसी बंदूक लूट ली थी।

## मत्स पालन तालाब मे जहर डालने से मछली मरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अस्थान गांव निवासी राजेश कुमार सरोज ने गांव मे मछली पालन के लिए तालाब को पट्टे पर लिया था जिस पर किसी शरारती तत्वों ने रात को जहर डाल दिया जिससे सभी मछलिया तालाब मे मृत अवस्था मे पानी के ऊपर तैर रही थी। सुबह जब तालाब की देख रेख करने राजू मौर्या व मो0 निजाम की नजर पड़ी तो मरी मछलिया देख दंग रह गये। घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस जाँच मे जुटी हुई है। तालब की देख रेख कर रहे राजू मौर्य ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया।

# सड़क दुर्घटना में घायल विवाहिता की इलाज के दौरान हुई मौत

### मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पति के साथ मायके आ रही विवाहिता अचानक बाइक से नीचे गिर गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में लोगो ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।



विवाहिता की मौत पर जुटी परिजनों की भीड़।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र स्थित बेलहा की सुमन (30) का विवाह गौरीगंज क्षेत्र के दूध का पुरवा निवासी आशीष भारती से कई वर्ष पहले हुआ था। पति व पत्नी के बीच किसी बात को लेकर 24 मई को कहासुनी हो गई।आशीष सुमन को बाइक से लेकर बेलहा के लिए चल दिया। वह जैसे ही ससुराल के पास खालसा सादात गांव के पास पहुंचा की पीछे बैठी सुमन गिर गई और वह बेहोश हो गई। आस पास के लोग भी इकट्ठा हो गए।एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी लालगंज ले गए,जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।हालत में सुधार न देख मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने स्वरूप रानी प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान लगभग एक सप्ताह बाद गुरुवार की उसकी मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालो पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। इस संबंध में पुलिस का कहना है की पीएम रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात कारणों से फांसी के फंदे से झूला बीकॉम का छात्र, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र के द्वारा घर के अंदर अज्ञात कारणों से आत्महत्या को लेकर शुक्रवार को हडकंप मच गया। हर्षपुर निवासी आशुतोष तिवारी पडोसी जिले रायबरेली के कान्हा शिक्षा निकेतन में शिक्षक है। वह लालगंज नगर पंचायत के पूरे टीकाराम वार्ड में नई बस्ती में घर बनाकर रह रहे है। आशुतोष का पुत्र अंशुमान तिवारी उर्फ चंदन (20) भी यहीं रहकर नगर के सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था।

आशुतोष इक्तीस मई को हरिद्वार अपनी बेटी से मिलने पत्नी कंचन के साथ गये थे। घर पर मृतक अंशुमान अकेले मौजूद था। इक्तीस मई की रात अंशुमान ने अज्ञात कारणों से कमरे के अंदर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घर अंदर से बंद होने के कारण किसी को अंशुमान के फंदा लगाने की जानकारी नही हो सकी। पिता ने जरूर हरिद्वार से उसे फोन लगाया किन्तु उसका फोन स्विच आफ मिला। शुक्रवार को अंशुमान का बीकॉम प्रथम वर्ष का पेपर था। उसके कुछ साथी उसे बुलाने घर पहुंचे तो कई बार आवाज देने पर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नही मिली। इस पर शक होने पर दोस्तों ने पास पडोस के लोगों से चर्चा की। लोगों ने किसी तरह मकान के अंदर पहुंचकर देखा तो अंशुमान पंखे से फंदा लगाकर लटक रहा था। शव से बदबू तेज होने के कारण छात्र के द्वारा इक्तीस मई को ही रात में फांसी लगाए जाने की भी लोगों में चर्चा रही। सूचना मिलने पर कोतवाल कमलेश पाल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक मृतक छात्र के चाचा व ननिहाल के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गये। घटना की सूचना फोन पर अंशुमान के पिता व मां को मिली तो उनका भी रो रो कर बुरा हाल हो गया। घटना को लेकर मृतक छात्र के मामा अझारा निवासी रामसजीवन मिश्र के पुत्र सुनील कुमार मिश्र ने पुलिस को लिखित तौर पर घटना के बाबत सूचना प्रदान की। इसके बाद पुलिस ने मॉस्क लगाकर लोगों के सहयोग से शव को फंदे से नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। शव को रिश्तेदारों के साथ पीएम के लिए पुलिस जिला मुख्यालय दोपहर बाद लेकर पहुंची। वहीं मृतक छात्र के माता पिता के भी हरिद्वार से यहां घर पहुंचने की रिश्तेदारों मे प्रतीक्षा देखी गयी। मृतक अंशुमान दो भाई में छोटा था। बड़ा भाई अर्पित गाजियाबंद में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। बहन आयुषी हरिद्वार में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है।

# चोरी की स्कूटी व मोबाइल नगदी के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कब्रिस्तान के पास से चोरी की दो पहिया वाहन(बिना नम्बर प्लेट) होण्डा एक्टिवा स्कूटी पर सवार एक अभियुक्त व बाल अपचारी को चोरी की 15 मोबाइल फोन व मोबाइल ब्रिकी के दो हजार रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में नवाबगंज पुलिस ने शुक्रवार को उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह व उ0नि0 दीपक कुमार अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के शेखमोहम्मदपुर से ग्राम परियाँवा के रास्ते पर कब्रिस्तान के पास से चोरी की दो पहिया वाहन(बिना नम्बर प्लेट) होण्डा एक्टिवा स्कूटी पर सवार एक अभियुक्त व बाल अपचारी को चोरी की 15 मोबाइल फोन व मोबाइल ब्रिकी के दो हजार रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया पकड़े गये अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ मे अपना नाम तेजस्वी तिवारी उर्फ जय तिवारी पुत्र कृष्ण चन्द्र तिवारी निवासी एफ-19 शान्तिपुरम, फाफामऊ, जनपद प्रयागराज व बाल अपचारी अभिषेक यादव पुत्र रामसनेही के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। गिरफ्तार अभियुक्तों नें पुलिस पूछताछ में बताया कि हम लोग बरामद स्कूटी को अप्रैल माह में शान्तिपूरम, जनपद प्रयागराज से चोरी किये थे व पकड़े जाने के डर से नम्बर प्लेट निकाल फेंक दिये थे और बिना नम्बर प्लेट के गाड़ी चला रहे थे तथा मेरे पास बरामद 15 मोबाइल फोन चोरी के हैं जो हम लोग अपना जीवनयापन के लिए अलग-अलग जगहों से मोबाइलों को चोरी करके बेचकर आपस में पैसा बांट लेते है । तथा पकड़े जाने के डर उसमें लगे सिम को तोड़कर फेंक देते है। पुलिस पकड़े गये अभियुक्तों की लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया और बाल अपचारी को बाल सुधार गृह को भेज दिया गया।

## चोरों ने उड़ाये जेवरात, केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने मकान के अंदर चोरी की घटना अंजाम देते हुए पीडित का वेशकीमती सोने चांदी का गहना उड़ा लिया। लालगंज कोतवाली के सराय रायजू महिमा का पुरवा निवासी मक्खन लाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बाइस मई की रात परिवार के सदस्य खाना खाकर सो रहे थे। देर रात अज्ञात बदमाशों ने घर के अंदर पहुंचकर बाक्स का ताला तोड दिया। बाक्स मे रखे महिलाओं के सोने चांदी के कीमती जेवरात उड़ा लिये। घटना की अगली सुबह परिवार के लोगों ने बाक्स का ताला टूटा देखा तो आवाक रह गये। पीड़ित की तहरीर पर जांच के बाद पुलिस ने गुरूवार की रात अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

# विकलांग को आवास से किया गया वंचित, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकांकर की ग्राम पंचायत बडेरा के प्रधान प्रतिनिधि पर धन लेने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि प्रतिनिधि द्वारा ग्राम पंचायत रसूलपुर बडेरा निवासी अली हुसैन से आवास के नाम पर रुपये की मांग की गई, जिस पर किसी तरह विकलांग अली हुसैन ने रुपये दिये।

जाँच के दौरान ट्रेनिंग सेंटर के आचार्य अनुप कुमार ने आवास लाभार्थी विकलांग अली हुसैन को आवास से वंचित कर दिया जिसमे यह रिपोर्ट लगाई गयी है कि पात्र विकलांग अली हुसैन के पिता के पास पक्का मकान है। जब कि विकलांग अली हुसैन अपने पिता के मकान के बगल मिले हिस्से की जमीन मे खुले आसमान के नीचे पन्नी तिरपाल डालकर अपनी पत्नी के साथ किसी तरह गुजर बसर कर रहा है। विकलांग अली हुसैन ने अपने जीवन यापन के लिए जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल से आवास दिलाये जाने की मांग की है और प्रधान प्रतिनिधि द्वारा लिया गया पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है। इस बाबत जानकारी करने पर ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि जांच अधिकारी ने विकलांग के पिता के पास पक्का मकान होने पर आवास निरस्त कर दिया। पैसे के लेन देन की कोई जानकारी नहीं है।

## पुलिसिया उत्पीड़न पर लालगंज में वकीलों का चढ़ा पारा, नारेबाजी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लखनऊ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार की जानकारी होने पर शुक्रवार को यहां भी वकीलों का पारा चढ़ा दिखा। वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर सरकार से दोषी पुलिसकर्मियों के निलंबन की आवाज उठाई। लखनऊ में गुरूवार को इंदिरा नगर थाने मे अधिवक्ताओं व पुलिसकर्मियों के बीच कहासुनी हुई थी। इसकी जानकारी यहां वकीलों तक पहुंची तो वकीलों ने पुलिसकर्मियों पर साथी अधिवक्ताओं के साथ अभद्र आचरण किये जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने आम सभा में कहा कि लखनऊ में पुलिसकर्मियो द्वारा थाने मे समस्या को लेकर गये अधिवक्ताओं के साथ अमानवीय व्यवहार निंदनीय है। रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि यूपी सरकार प्रदेश भर में पुलिस द्वारा वकीलों के साथ दुर्व्यवहार की वारदातों पर की गयी कार्रवाई को लेकर श्वेत पत्र जारी करे। सभा का संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व संयोजन उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने किया।

# श्रीकृष्ण एवं सुदामा की दोस्ती सदैव रहेगी प्रासंगिक: आचार्य

### रसूलपुर गुलरहा में भागवत कथा का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संडवा चंद्रिका विकास खंड के रसूलपुर गुलरहा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य काली प्रसाद मिश्र महराज ने श्री कृष्ण एवं श्री सुदामा की मित्रता का वर्णन किया तथा परीक्षित मोक्ष एवं भगवान के कई अन्य विवाहों की कथा सुनाई।

आचार्य जी ने कहा कि श्री कृष्ण एवं सुदामा जी की दोस्ती सदैव प्रासंगिक एवं अनुकरणीय रहेगी। भगवान ने निर्धन सुदामा का न केवल परम स्नेहिल भाव से यथोचित आदर, सत्कार किया अपितु उन्हें धन-धान्य से संपन्न कर समाज में अटूट मित्रता के पावन संबंध का संदेश दिया। गुरू संदीपनि के आश्रम में श्री सुदामा एवं श्री कृष्ण के अध्ययन एवं मित्रता का वर्णन किया और कहा कि दोनों मित्रों ने मित्रता के पावन संबंध को न केवल जीवंत रखा बल्कि मित्रता एक अमूल्य निधि है यह समाज को सिखाया। परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा आत्मा अजर अमर है उसे कभी भी नष्ट नहीं किया जा सकता है केवल शरीर का परित्याग कर आत्मा, कर्मों के अनुसार नए शरीर के साथ मृत्युलोक में जन्म लेती है। इसलिए सभी को सत्कर्म करना चाहिए और भक्ति मार्ग अपनाकर ईश्वर की आराधना करनी चाहिए। भगवान की आराधना करने से अधर्मी मनुष्य भी मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।भगवान की भक्ति व श्रीमद्भागवत कथा सुनने से ही राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ। आचार्य जी ने कहा कि भगवान भक्ति एवं प्रेम के भूखे हैं।भक्तिभाव से जो कथा सुनता है उसके समस्त पाप व कष्ट दूर हो जाते हैं।



रसूलपुर गुलरहा में भागवत कथा सुनते श्रद्धालुगण।

आचार्य जी ने भगवान के विभिन्न विवाहों का वर्णन भी किया। कथा शिक्षक राम शिरोमणि त्रिपाठी एवं बैंक मैनेजर पंकज त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित की गई है। कथा के मुख्य श्रोताओं में शिक्षाविद लालजी त्रिपाठी, हृदय नारायण त्रिपाठी, प्रसिद्ध नारायण त्रिपाठी, आईटीआई प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर सिंह, आशीष शुक्ल, राहुल त्रिपाठी, मनोज कुमार सिंह, विनोद मिश्र, पुनीत पांडे, अंबिका प्रसाद त्रिपाठी, दिनेश प्रसाद त्रिपाठी, सतीश पांडे आदि प्रमुख रहे।

## 162 तदर्थ अध्यापकों का वेतन भुगतान का हुआ आदेश

**प्रतापगढ़।** लगभग एक वर्ष से वेतन न पाने वाले 162 तदर्थ अध्यापकों का भुगतान का आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कर दिया गया है। ये सभी अध्यापक वर्ष 2000 से पहले के हैं। इन्हें जून 2022 के बाद से वेतन नहीं मिल रहा था। इसको लेकर लोगों ने उच्च न्यायालय का सहारा लिया था। उच्च न्यायालय के कडे. आदेशों के बाद आज जिला विद्यालय निरीक्षक ने 162 अध्यापकों का एक माह का वेतन स्वीकृत कर दिया है। एरियर का भुगतान बाद में किया जाएगा।


# भयहरण नाथ धाम में विश्व पर्यावरण दिवस पर होगा सामूहिक उपवास

### बकुलाही नदी पुनरोधार व भयहरण नाथ धाम को कब्जा मुक्त कराने की होगी याचना

अखंड भारत संदेश

**डेरवा, प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में विश्व पर्यावरण दिवस पर महासचिव सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के संयोजन मे भोले बाबा के समक्ष सामूहिक उपवास होगा। बकुलाही नदी के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने व भयहरण नाथ धाम की सम्पूर्ण सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु यह सामूहिक उपवास होगा। उपवास मे प्रबंध समिति के प्रमुख कार्यकर्ता व प्रमुख स्थानीय जन प्रतिनिधिगण भाग लेंगे।

5 जून को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले इस उपवास मे भोले बाबा के समक्ष अनुरोध होगा की स्थानीय प्रशासन को सदबुद्धी दें कि जल्द से जल्द बकुलाही नदी पुनरोधार के अवशेष सरकारी कार्यो को पूर्ण करके नदी की प्राचीन धारा को सदानीरा करने मे मदद करें, जिसमे महत्वपूर्ण अपेक्षित कार्यो में भयहरण नाथ धाम के समक्ष डायवर्जन चेकड़ेम, गौरा, छतौना, शिवरा व हिन्दूपुर ग्राम में नदी पर पुल निर्माण व गाड़ी घाट पर अवशेष 300 मीटर नदी का बेड लेबल ठीक किया जाना नितांत आवश्यक है। वहीं धाम की सार्वजनिक प्राचीन सार्वजनिक भूमि पर वर्षो से भूमाफियाओ व राजस्व कार्मियो की मिली भगत से अनाधिकार कब्जा है। धाम को कब्जा मुक्त कराके धार्मिक व पर्यटन विकास में सहयोग की मांग की जायेगी।



इसी भयहरणनाथ धाम पर होगा सामूहिक उपवास

# असगर अंसारी की असामयिक मौत पर मोती सिंह ने दी श्रद्धांजलि



असगर अंसारी के आवास पर परिजनों को संवेदना जताते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भीषण सड़क हादसे में असामयिक मौत के बाद शुक्रवार को भाजपा के नेता असगर अंसारी को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके आवास पर पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह, पट्टी नगर अध्यक्ष सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। शुक्रवार को लगभग दस बजे उनके आवास पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देते हुए ढाढस बंधाया और संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि असगर अंसारी का नेक दिल उनकी व्यवहार कुशलता उनका अंदाज अविस्मरणीय है। नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवालं ने कहा कि असगर अंसारी गंगा जमुनी तहजीब की प्रबल हिमायती तथा समाज को जोड़ने वाले शख्सियत थे उनके इंतकाल से हमने अपना एक सच्चा साथी खो दिया है। उनका जाना पट्टी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। वह हम सबके दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। श्रद्धांजलि के दौरान भारतीय जनता पार्टी रामगंज के नगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह पूनम इंसान प्रमोद जायसवाल विपिन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह असगर अंसारी की श्रद्धांजलि के बाद नवनिर्वाचित पार्टी के अध्यक्ष अशोक जायसवाल के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात कर कुछ जरूरी बातचीत किए।

# साक्षी हत्याकाण्ड को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना

### सीबीआई जांच कराये जाने की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दिल्ली में नाबालिक बच्ची की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या के मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रयागराज प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उसके उपरान्त एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर के माध्यम से सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन की अध्याक्षता यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि देश के बेटी साक्षी की जिस बेरहमी से चाकू से गोदकर निर्मम हत्या की गई वो देश और समाज में मानवता को शर्मसार करने वाली दुखद घटना है जितनी भी निन्दा की जाय, वह कम है। हम केन्द्र सरकार और दिल्ली प्रदेश सरकार से मांग करते है कि साक्षी की हत्या की सीबीआई जांच के साथ ही उनके परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए। पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा ने कहा कि देश की बेटी के हत्यारे का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए जिससे उनके परिवार को न्याय मिल सके।





साक्षी हत्याकाण्ड को लेकर धरना देते कांग्रेसी।

संचालन कर रहे नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि यदि हमारी मांगों को पूरा न किया गया तो कांग्रेस पार्टी देश की बेटी के लिए सड़क से लेकर संसद तक की लड़ाई करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी केन्द्र की भाजपा सरकार की होगी। श्रद्धांजलि सभा एवम धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष एवम कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर दिवेदी, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव राम लवट यादव,राम रतन तिवारी, प्रशांत सिंह, अशुतोष तिवारी, नागेंद्र पांडेय, संजय इश्तियाक, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, इंद्रानंद तिवारी, हरीश चन्द्र सरोज,मो युनुस, फतेह बहादुर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सड़वा मोनू मिश्रा, एडवोकेट अभिषेक मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, शहजाद, मो0 हुजैफ, अरुण कुमार शुक्ला, मो दिलशाद, सलमान खान आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में चरमराई विद्युत व्यवस्था, ग्रामीणों में आक्रोश, धान की नर्सरी राम भरोसे

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े हुए कई गांव में बिजली व्यवस्था पूरी तरीके से चरमरा चुकी है। भीषण गर्मी तथा उमस के कारण लोग परेशान हो चुके हैं वही किसानों को धान की नर्सरी भी तैयार करनी है, जिसके कारण पानी न मिलने से किसान भी परेशान है।पट्टी तहसील क्षेत्र के दाउदपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े हुए कई गांव में विद्युत व्यवस्था चरमरा चुकी है। विद्युत उपकेंद्र से जुड़े हुए रामपुर। खागल रमईपुर दिशिनी, शर्मा, सेवा पट्टी, शरमा, सराय छिवलहा सहित कई गांव ऐसे हैं जहां पर लोग विद्युत आपूर्ति कम होने से परेशान हैं। उपभोक्ताओं के साथ किसानों का कहना है कि विद्युत व्यवस्था के लिए भले ही सरकार यह दावा करती है कि गांव में 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है मगर हकीकत है कि लोगों को दिन में बहुत कम बिजली मिलती है जबकि इस समय भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में लोगों को राहत नहीं मिल पाती है। किसानों का कहना है कि धान की नर्सरी तैयार करने हैं और पानी की सख्त आवश्यकता है बिजली न रहने से सिंचाई नहीं हो पाते हैं नहरों में पानी नहीं है ऐसे में लोग का हाल बेहाल है उपभोक्ता जब विद्युत कर्मचारियों तथा अधिकारियों को फोन करते हैं तो उनका फोन नहीं उठता है।

# मिट्टी का कागार ढहने से एक महिला की मौत आधा दर्जन से अधिक घायल

## दर्दनाक हादसे के बाद समाज के ठेकेदार विभिन्न राजनीतिक दल के बड़े-बड़े नेता जनप्रतिनिधि पीड़ितों का हाल जानने तक नहीं पहुंच सके

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कोखराज थाना अंतर्गत काकराबाद गांव में शुक्रवार की सुबह घर की मरम्मत और पुताई के लिए मिट्टी निकालने गए ग्रामीणों पर मिट्टी का कगार ढह जाने से तमाम लोग हादसे के शिकार हो गए हैं मिट्टी का कगार ढह जाने से तमाम महिला पुरुष बच्चे मिट्टी के ढेर के नीचे दब गए जिससे चीख पुकार मच गई मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मजदूर मौके पर पहुंचे मौके पर पहुंचने के बाद किसान मजदूरों ने हो हल्ला मचाया आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोग बचाव और राहत के लिए दौड़कर घटनास्थल पर पहुंच गए और मिट्टी के ढेर में दबे ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर कोखराज थाना पुलिस दल बल के साथ पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से बचाव एवं राहत के कार्य में लगी है हादसे में एक महिला की मौत हो गई है और आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर घायल हैं पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है तहसील प्रशासन की बड़ी लापरवाही के चलते इतना बड़ा हादसा हुआ है लेकिन अभी तक आला अधिकारियों ने तहसील प्रशासन की लापरवाही को संज्ञान लेते हुए तहसील प्रशासन पर कार्यवाही नहीं की है हादसे के शिकार लोगों में नत्थीदेवी पत्नी स्व सुरेश रैदास निवासी काकराबाद थाना कोखराज की मिट्टी ढहने से मिट्टी के ढेर में दब कर दर्दनाक मौत हो गयी है हादसे के बाद चारों ओर करुण कुंदन रोना चीखना चिल्लाना मचा हुआ है मृतक महिला के 4 बच्चे रो-रो कर बेहोश हो रहे हैं।



हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भारी भीड़

गौरतलब है कि घर की पुताई और मरम्मत करने के लिए चिकनी मिट्टी निकालने के चक्कर में कई लोग काकराबाद गांव में खेत की ओर मिट्टी निकालने गए थे जहां मिट्टी निकालने के दौरान मिट्टी का कगार ग्रामीणों के ऊपर गिर गया है हादसे में तमाम ग्रामीण मिट्टी के ढेर के नीचे दब गए इस हादसे में नत्थी देवी उम्र लगभग 40 वर्ष की मौके पर मौत हो गई है और मिट्टी के ढेर में दबकर तमाम लोग घायल हो गए है मिट्टी के ढेर में दबे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास गांव के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है एसडीएम को कई बार फोन करने के बाद उनका फोन रिसीव नहीं हो सका है बचाव एवं राहत कार्य में पुलिस जुट गई है इस हादसे में बिट्टोदेवी 13 वर्ष कैलाश काकराबाद उर्मिला देवी 16 वर्ष रामलौटन सरोज कशिया पश्चिम घनश्याम 55 वर्ष पुत्र धनीराम कशिया पश्चिम, सुशीला देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी घनश्याम कशिया पश्चिम गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीण प्रशासन के विरुद्ध जमकर बयानबाजी कर रहे हैं।

दर्दनाक हादसे के बाद समाज के ठेकेदार विभिन्न राजनीतिक दल के बड़े-बड़े नेता जनप्रतिनिधि पीड़ितों का दुख दर्द बांटने घटनास्थल और उनके घर अभी तक नहीं पहुंच सके हैं जिससे राजनैतिक दल के बड़े-बड़े नेता जनप्रतिनिधियों की मानवीय संवेदना का अंदाजा लगाया जा सकता है बताया जाता है कि सरकारी जमीन से अवैध तरीके से तहसील प्रशासन के अधिकारियों और उनके कर्मचारियों के साठगांठ से मिट्टी का अवैध खनन जेसीबी संचालकों द्वारा किया जा रहा था जिसकी लगातार शिकायत ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों से कर अवैध खनन रोकने की मांग की जा रही थी लेकिन कुछ रुपए के लालच में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और कर्मचारी जेसीबी मशीन से हो रहे मिट्टी के अवैध खनन को रोकने को तैयार नहीं हुए जिससे सरकारी भूमि पर लगभग 20 फुट गहरा गड्ढा हो गया और चिकनी मिट्टी निकालने के चक्कर में गड्ढे में गए महिला पुरुष मिट्टी का कगार गिर जाने से हादसे के शिकार हो गए हैं सरकारी संपत्ति से अवैध तरीके से मिट्टी खनन करने के मामले को समय रहते आला अधिकारियों ने गंभीरता से लेकर अवैध खनन करने वाले मिट्टी खनन माफिया अद्दा और सोनाई जेसीबी संचालक पर मुकदमा दर्ज करा कर अवैध खनन रोक दिया होता और अवैध खनन में संलिप्त तहसील के अधिकारी और कर्मचारियों पर भी कठोर कार्यवाही कर अधिकारी और कर्मचारियों को दंडित कर दिया होता तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं होता लेकिन हादसे के जिम्मेदार तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों पर अभी तक शासन प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की है।

# लाखों की लागत से बनी नाली 3 महीने में ध्वस्त

### बढ़ते भ्रष्टाचार के बीच योगी सरकार के अधिकारी रोक लगाने में अपने को महसूस कर रहे असहज



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के देवखरपुर ग्राम पंचायत में काली माता मंदिर के पास लाखो की लागत से 3 महीने पहले नाली का निर्माण कराया गया था लेकिन घटिया निर्माण के चलते कुछ समय मे नाली ध्वस्त हो गयी है नाली ध्वस्त होने के बाद घटिया निर्माण की पोल खुल गई लेकिन उसके बाद भी सरकारी नाली निर्माण में हेराफेरी करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर सरकारी रकम की रिकवरी कराए जाने का प्रयास अभी तक जिला पंचायत राज अधिकारी ने नहीं किया है देवखरपुर गांव की नाली निर्माण में घटिया क्वालिटी के बालू सीमेन्ट ईट का प्रयोग किया गया जिसमें निर्माण के समय कई बार अधिकारियों से शिकायत हुई ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बाद जांच के लिए तीन महीने बाद जांच टीम मौके पर पहुंची लेकिन ग्रामीणों का बयान दर्ज करने के बजाए मनमानी तरीके से जांच कर ग्राम प्रधान के दबाव में जाँच टीम वापस चली गई है मौके पर नाली ध्वस्त हो चुकी है जगह-जगह नालियां टूट गई है गर्मी के महीने में हल्की बारिश के बाद सीमेंट का प्लास्टर उखड़ चुका है दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाए जांच अधिकारियों ने केवल ग्रामीणों को आश्वासन की घुट्टी पिलाई है जिससे भ्रष्टाचार में विभाग के बड़े अधिकारियों तक कमीशन खोरी की रकम पहुंचने से इनकार नहीं किया जा सकता गांव के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया नाली निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने और दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# ग्राम मोंगरी कड़ा में ग्राम चौपाल लगाकर सीडीओ ने सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को विकास खण्ड-सिराथू की ग्राम पंचायत-मोंगरी कड़ा में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें ग्राम चौपाल में जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं सोलर पम्प अनुदान के विषय में जानकारी देते हुए योजनाओं के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना एवं पेंशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी। इसके साथ ही अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी अपने-




अपने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकत्साधिकारी ए0के0 सागर, उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, खण्ड विकास अधिकारी भावेश शुक्ल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत दशरथ लाल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्राशु मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय मोगरी कड़ा के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बने बालिका व बालक शौचालय की स्थिति ठीक पायी गई। उन्होंने विद्यालय परिसर में बने ग्राम सचिवालय का भी निरीक्षण किया। ग्राम सचिवालय में कार्यरत पंचायत सहायक द्वारा आज दिनांक 02 जून को 10 लाभार्थियों का आयुष्मान योजना के तहत गोडेन कार्ड बनाया गया।

# अखण्ड भारत अखबार की खबर का असर बाबा का चला बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील के बसुहार गाँव में ग्राम सभा की भूमि संख्या 866 जो शासन द्वारा खेल के मैदान के रूप में लिखित था जिसमें गाँव के कुछ भू मफियाओ द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहे थे। ग्रामीणो द्वारा शिकायत करनें पर भी निर्माण कार्य नहीं रुक रहा था जिसकी जानकारी होंने पर अखंड भारत अखबार ने खेल के मैदान में हो रहे अवेध निर्माण को रोकने तथा अवैध कब्जा धारको के खिलाफ कार्य वाही की खबर को प्रमुखता से छापा था जिस पर 2 जून गुरु वार को पुलिस उपनिरीक्षक चायल योगेन्द्र नारायण सिंह व एस डी एम चायल के नेतृत्व में हल्का लेख पाल बुलडोजर सहित खेल मैंदान की भूमि पर अवैध निर्माण को गिरा कर खेल के मैदान को अवैध कब्जा से मुक्त कराया तथा अन्य अवैध निर्माण को भी धरा शायी किया गया वहीं ग्रमीण लोगों में विगत माह अखंड भारत अखबार द्वारा छपी खबर की चर्चा रही और कहा कि जनपद का निष्पक्ष खबरों का पिटारा है अखंड भारत अखबार तो इस पर कार्यवाही होना सुनिश्चित था लोग अखंड भारत अखबार के ब्यूरो चीफ वरिष्ठ पत्रकार शुशील केसरवानी की निष्पक्षता पूर्वक खबर छापने की भूरि प्रसंशा कर रहे है।

### अखंड भारत अखबार ने विगत माह छापा था खबर



# पट्टा स्वीकृत होने के वर्षों बाद भी नहीं मिल सका कब्जा!

### सरकारी भूमि पर पट्टा लेने वाले इंटर कॉलेज के अध्यापक से भूमि वापस लेने का प्रयास नहीं कर सके अधिकारी

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सेषा मे भूमिहीन खेतिहर मजदूरों राजकुमार राधा कृष्ण बुदून लाल हरिओम पूरन सिंह राजकरण राम आसरे गुलाब सिंह ऊधो श्याम सिंह कई लोगो को कई वर्षों पूर्व ग्राम पंचायत में प्रस्ताव करके 09 09 1993 को पट्टा स्वीकृत किया था तहसील के अभिलेखों में पट्टा पत्रावली में उनका नाम दर्ज है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी पट्टा धारकों को जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका है बताया जाता है कि उसी जमीन पर दूसरे लोगों को काबिज करा दिया गया है पट्टा स्वीकृत होने के बाद पट्टा धारक कई वर्षों से अधिकारियों के चौखट पर दौड़ रहे हैं जांच के नाम पर मामला लेखपाल को सौप दिया जाता है लेखपाल अवैध कब्जा धारकों से सांठगांठ कर झूठी रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह कर रहा है जिससे भूमिहीन खेतिहर मजदूर पट्टा धारकों को उनके नाम स्वीकृत पट्टे पर कब्जा नहीं मिल सका है बीते दिनों फिर पीड़ितों ने मंडलायुक्त प्रयागराज से शिकायत कर पट्टे की भूमि पर काबिज कराए जाने की मांग की लेकिन उसके बाद भी पट्टा धारकों को उनकी भूमि पर कब्जा नहीं दिया गया है जिससे योगी सरकार के कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है इतना ही नहीं एक इंटर कॉलेज के सरकारी अध्यापक को ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव कर सरकारी भूमि पर पट्टा दे दिया है और सरकारी अध्यापक को सरकारी भूमि पर कब्जा करा दिया गया है इस मामले की भी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने की लेकिन सरकारी अध्यापक को पट्टा दिए जाने के मामले के कई वर्षों बाद भी निष्पक्ष तरीके से जाच पूरी नही हो सकी इतना ही नहीं गलत तरीके से सरकारी भूमि पर पट्टा लेने वाले सरकारी अध्यापक पर मुकदमा दर्ज करा कर पट्टे की सरकारी भूमि को वापस लेने का प्रयास तहसील के अधिकारियों ने नहीं किया है।

# पूर्व विधायक संजय गुप्ता की मां की पुण्यतिथि पर मरीजों को वितरित किया गया मिठाइयां फल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपनी माता गायत्री देवी की 16वी पुण्यतिथि पर शुक्रवार को जिला अस्पताल मंझनपुर के परिसर में पहुंचकर मरीजों का हालचाल लिया एवं फल मिठाइयां वितरित किया मां की स्मृति में दोनों भाई निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता और सुभाष चंद्र गुप्ता अपनी मां को याद करके बहुत भावुक दिखे इसके पूर्व अपनी निज निवास में श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन करके समस्त परिवार ने मां गायत्री का प्रसाद ग्रहण किया साथ ही साथ मां गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में मां गायत्री के चित्र पर माल्यार्पण करके संस्थान के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उन्हें याद किया संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता पूर्व विधायक ने अपनी मां को याद करते हुए कहा कि मेरी मां देवी स्वरूपा थी और उन्हीं के आशीर्वाद से हमारा संस्थान उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है इस मुख्य आयोजन पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा केपीएस प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी गजेंद्र अमित दीपक खरवार राजेंद्र विश्वकर्मा विवेक मनोज सभासद शंकरलाल केसरवानी सभासद सूरज यादव बच्चा लाल पिंटू कुशवाहा पवन सुबोध दिवाकर आदि लोग उपस्थित रहे।


फल वितरण करते पूर्व विधायक संजय गुप्ता

# नहर में पानी ना आने से 25 गांव के किसान नही लगा पा रहे धान की नर्सरी

**कौशाम्बी।** धान की नर्सरी का समय शुरू हो गया है लेकिन उसके बाद भी नहर विभाग के अधिकारियों ने नहर में पानी नहीं छोड़ा है जिससे धान की नर्सरी लगाने में किसानों को दिक्कत हो रही है बताया जाता है कि मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बेरौचा माइनर में जून के महीने में भी पानी नही आ रहा है जिससे इलाके के 25 गांव के हजारों किसान परेशान है नहर में पानी ना आने से 25 गाँव की खेती बर्बाद हो सकती है किसानों ने बताया कि इलाके के 25 गांव के किसान केवल नहर की सिंचाई पर आश्रित है किसानों ने डीएम से मांग की है कि जल्द से जल्द नहर में पानी छोड़ा जाए जिससे धान की नर्सरी तैयार की जा सके।

# करोड़ों की संपत्ति का मालिक होने के बाद कोटेदार की पत्नी को दिया गया पट्टा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकारी जमीनों में हेराफेरी कर किस तरह से राजस्व लेखपाल और राज्य निरीक्षक करोड़ों रुपए की अवैध वसूली कर मालामाल हो रहे हैं बीते दो दशक के बीच तमाम ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीनों पर नियम विरुद्ध पट्टे के बहाने अपात्रो को कब्जा करा कर राजस्व निरीक्षक और राजस्व लेखपाल ने करोड़ों की बेनामी संपत्ति अर्जित की हैं। ग्राम पंचायत की सरकारी जमीने सुरक्षित नहीं रह गई हैं गरीबों को सरकारी जमीन पट्टे पर दिए जाने के नियम की धज्जियां उड़ाते हुए लेखपालों ने धनाढ्य लोगों को भी सरकारी जमीनों पर पट्टे देकर धनादोहन किया है बार-बार मामले की शिकायत होने के बाद भी अवैध पट्टे धारको पर कार्यवाही नहीं हो रही है वही गलत पट्टा प्रस्ताव करने वाले ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लेखपाल तहसील प्रशासन पर भी आला अधिकारी कार्यवाही करते नही दिख रहे हैं जिससे सरकारी जमीन जिले में सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रही है।




इसी तरह के एक ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेषा का सामने आया है जहां गांव के कोटेदार की पत्नी निर्मला देवी को सरकारी जमीन पर पट्टा दिया गया है बताया जाता है कि कोटेदार के पास करोड़ों की चल अचल संपत्ति है फिर वह आखिर कैसे गरीब है करोड़ों की संपत्ति होने के बाद कोटेदार की पत्नी सरकारी जमीन पर पट्टे की कैसे पात्र है मामले को लेकर दर्जनों बार ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत की यहां तक की पूर्व जिला अधिकारी से लेकर वर्तमान जिला अधिकारी तक भी अवैध पट्टे की शिकायत हुई लेकिन जांच के नाम पर नतीजा शून्य रहा और करोड़ों के मालिक कोटेदार की पत्नी को पट्टा दिए जाने के मामले में पट्टा निरस्तीकरण की कार्यवाही कई वर्षों बाद भी नहीं हो सकी है जिससे तहसील से जुड़े लोगों के पारदर्शी तरीके से कार्य करने की मनसा का अंदाजा लगाया जा सकता है इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से कोटेदार की पत्नी को पट्टा दिए जाने के मामले की जांच कराते हुए पट्टा निरस्त किए जाने और गलत पट्टा स्वीकृत करने वाले अधिकारियों को दंडित किए जाने की मांग की है।

# डामर के बजाए तेल में पानी मिलाकर बनाई जा रही सड़कें

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करने वाली योगी सरकार में लोक निर्माण विभाग में जमकर भ्रष्टाचार व्याप्त है अधिकारी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिससे लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जाने वाली सड़कें कुछ दिनों में खराब हो रही हैं और आम जनता गड्ढा युक्त सड़को में चलने के लिए मजबूर दिखाई पड़ रही है लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय निर्माण खंड और लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड सहित पीएमजीएसवाई द्वारा बनाई जा रही सड़कें समय के पहले खराब हो रही हैं सूत्रों की मानें तो 2 वर्षों के बीच करोड़ो रुपए का बजट योगी सरकार ने सड़क बनाने के लिए स्वीकृत किया है कुछ सड़कें बनकर तैयार हो गई है और उसके बाद खराब भी हो गई हैं कुछ सड़कें निमार्णाधीन है सड़क के लेपन में डामर का प्रयोग किए जाने के बजाय तेल में पानी मिलाकर गिट्टी लेपन किया जा रहा है सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद भी दोषियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है डामर के बजाय तेल में पानी मिलाकर सड़कों का लेपन किए जाने के मामले में जब अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड से बात की गई तो उन्होंने इस तरह के मामले से अनभिज्ञता जाहिर की है अब सवाल उठता है कि सड़क के निर्माण में डामर के बजाय तेल में पानी मिलाकर खुलेआम लेपन किया जा रहा है और विभागीय अधिकारी अनजान बनने का प्रयास कर रहे है विभागीय अधिकारियों का यह ढोंग कब तक चलता रहेगा योगी सरकार को गुमराह करने में अधिकारी कब तक सफल होते रहेंगे यह तमाम सवाल भ्रष्टाचार मुक्त योगी सरकार पर खड़े हो रहे हैं जिले के मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के निजामपुर हंडिया से बहादुरपुर के ईदगाह तक बन रही सड़क में डामर के बजाय तेल में पानी मिलाकर लेपन किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है लेकिन अभी तक दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई है।

### 2 वर्ष के बीच सड़क बनाने में करोड़ो खर्च करने के बाद गड्ढे में चलने को मजबूर जनता



## न्यूज झरोखा

### जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र भरवारी में वेबीनार कार्यक्रम का आयोजन

**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा प्रशिक्षण केंद्र भरवारी में शुक्रवार को वेबीनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के निर्देशक राजकुमार पांडे ने दिनांक 1 जून 2023 से 15 जून 2023 तक जन भागीदारी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा किया तथा सभी प्रशिक्ष'र्थियों को वेबीनार कार्यक्रम के माध्यम से कैसे ऑनलाइन क्लास किया जाता है तथा कैसे वीडियो रिकार्ड करके वेबीनार के माध्यम से दिखाया जा सकता है तथा यह भी बताया कि जी वेबीनार सॉफ्टवेयर काफी उपयोगी होते हैं जिससे अपनी तकनीक से ऑनलाइन सत्र को आसान बनाया जाता है वेबीनार से ऑनलाइन क्लासेस मीटिंग ट्रेनिंग प्रेजेंटेशन सेमिनार आदि वेबीनार के माध्यम से किया जा सकता है संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने बताया कि वेबीनार का अर्थ वेब प्लस सेमिनार अर्थात वेबीनार है वेबीनार का अर्थ एक प्रकार की घटना होती है जिसे इंटरनेट पर प्रसारित किया जाता है और इसे लोग अपने स्मार्टफोन कंप्यूटर या अन्य डिवाइस पर देख सकते हैं इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा रूबी वैष्णवी शिवानी प्रिया आंचल महिमा खुशी स्नेहा पायल आदि प्रशिक्ष'र्थी मौजूद रहे '



### जल मिशन का पाइप मशीन से डालने से बर्बाद हो रही सड़क

**कौशांबी** कड़ा ब्लाक के दुबाना गाँव मजरा रामपुर बढनावा सहित इलाके के कई गांव में जल मिशन द्वारा पाइप लाइन बिछाई जा रही है पाइप लाइन बिछाए जाने में जेसीबी मशीन से गड्ढे खोदे जा रहे हैं जिससे सड़कें बर्बाद हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ सड़क बर्बाद होने से लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है जल मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाए जाने में योजना से जुड़े ठेकेदारों और उनके कर्मचारियों द्वारा सड़क बर्बाद कर रास्ता बंद कर दिया गया है जिससे लोगों को आने जाने में समस्याओं से जूझना पड़ा है इलाके के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रास्ता बर्बाद करने वाले जल मिशन के ठेकेदारों पर कार्यवाही की मांग कर रास्ता बहाल करने की मांग की है



### पार्टी में नए लोगों को जोड़ने सक्रिय लोगों को शामिल करने को बनेगी रणनीति : अजय सोनी

**कौशाम्बी** बसमर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक एक जून गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में पार्टी नेता अजय सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के जिला स्तरीय तमाम कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में पार्टी की मजबूती को लेकर परिचर्चा हुई। इस अवसर पर पार्टी के तमाम कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी की मजबूती एवं कार्यकारिणी में सक्रिय लोगों को शामिल करने को लेकर विचार विमर्श किया। लोगो का सुझाव था कि पार्टी की मजबूती के लिए कार्यकारिणी में सक्रिय लोगो को शामिल किया जाए ताकि पार्टी को आगे ले जाया जा सके। इसी के साथ कई कार्यकताओं ने सुझाव दिया कि जल्द ही पार्टी के तत्वावधान मे एक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कराया जाए जिसमे पार्टी से जुड़े लोगों को बुलाकर पार्टी की मजबूती के लिए सबकी राय सलाह सुनी जाए। साथ ही पार्टी की कार्यकारिणी में फेरबदल कर नए, सक्रिय और ऊजार्वान लोगों को पार्टी के मुख्य पदों की जिम्मेदारी सौंपी जाए। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी के कहा कि जल्द ही पार्टी में नए लोगों को जोड़ने एवं सक्रिय लोगो को कार्यकारिणी में शामिल करने को लेकर एक अलग से रणनीति तैयार की जायेगी और पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, परिहार सिंह लोधी, फूलचंद्र लोधी, पृथ्वीपाल सिंह, जयसिंह पटेल, रंजीत सरोज आदि लोग मौजूद रहे।



### सरकारी हैंडपंप में दबंग ने समरसेबल लगाकर किया चारदीवारी के अंदर

**कौशांबी** सरकारी हैंडपंपों में आए दिन दबंगों का कब्जा होता जा रहा है जिससे आम जनता गरीब कमजोर पानी के लिए भटक रही है एक तरफ योगी सरकार सरकारी हैंडपंप लगाकर गरीब कमजोर को पीने की पानी की व्यवस्था कर रही है दूसरी तरफ दबंग सरकारी हैंडपंपों में कब्जा कर उसे अपनी निजी जागीर समझते हैं जिले के तमाम क्षेत्रों में सरकारी हैंडपंप में लोगों के कब्जे हो चुके हैं शिकायतों के बाद भी जिला पंचायत राज अधिकारी और उनके मातहत सरकारी हैंडपंप कब्जा करने वालों पर मुकदमा दर्ज कराकर हैंडपंप की रकम रिकवरी करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं जिससे हैंडपंप में कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हैं ताजा मामला सिराथू तहसील क्षेत्र के मलाक पींजरी गांव के मजरा यदुबीर पुर के दबंग कमल कुमार ने सरकारी हैंडपंप में पहले समरसेबल लगाकर अपनी जागीर बना ली फिर उसके बाद अपने मकान के बाहर चहारदीवारी का निर्माण कर सरकारी हैंडपंप को अपने घर के अंदर कर लिया जिससे गांव के लोगों को हैंडपंप में पानी भरने में दिक्कत होती है तमाम लोग दूर से पानी भरकर लाते हैं तब उनकी पानी की समस्या का समाधान होता है मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी सिराथू से लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी तक ग्रामीणों ने की है लेकिन हैंडपंप को दबंग के कब्जे से बाहर नहीं कराया गया है।

संपादकीय

## 2000 के नोट को चलन से बाहर करने का कारण समझेंगे तो आप भी फैसले का समर्थन करेंगे

कई देशों में असामाजिक तत्वों एवं आतंकवादी संगठनों द्वारा एक समानांतर अर्थव्यवस्था भी चलाई जाती है जिसके अंतर्गत अवैध आर्थिक सौदे सम्पन्न किया जाते हैं एवं इन अवैध आर्थिक सौदों का निपटान कई बार नकली मुद्रा में भी किया जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 19 मई 2023 को एक सूचना जारी कर यह बताया गया है कि देश में 2000 रुपए के नोट चलन से बाहर किए जा रहे हैं, हालांकि यह वैध मुद्रा की श्रेणी में बने रहेंगे। सामान्यजन को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वे 23 मई 2023 से बिना किसी प्रतिबंध के और भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान अनुदेशों तथा अन्य लागू सांविधिक प्रावधानों के अधीन बैंकों में जाकर 2000 रुपए के नोट को  अपने बैंक खाते में जमा कर सकते हैं अथवा किसी भी बैंक शाखा पर अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोटों में बदल सकते हैं। परिचालनात्मक सुविधा को सुनिश्चित करने की दृष्टि से और बैंक शाखाओं के नियमित कार्यकलापों को बाधित किए बिना एक समय में 20,000 रुपए तक की राशि के 2000 रुपए के नोटों को किसी भी बैंक में अन्य बैंक नोटों के लिए बदला जा सकता है। उक्त महत्वपूर्ण कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए तथा सामान्यजन को 2000 रुपए के नोटों को अपने बैंक खाते में जमा करने अथवा अन्य बैंक नोटों में बदलने के लिए पर्याप्त समय देने हेतु देश में समस्त बैंक 2000 रुपए के नोटों को जमा करने अथवा बदलने की सुविधा 30 सितंबर 2023 तक उपलब्ध कराते रहेंगे। साथ ही, अब बैंक तत्काल प्रभाव से 2000 रुपए के नोटों को जनसाधारण को जारी नहीं करेंगे ताकि 2000 रुपए के नोट धीमे-धीमे भारतीय अर्थव्यवस्था से बाहर हो जाएं।

भारत में 2000 रुपए के नोट नवंबर 2016 में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 24(1) के अंतर्गत जारी किए गए थे। आपको ध्यान में होगा कि नवम्बर 2016 में ही पुरानी सीरीज के रुपए 500 एवं रुपए 1000 के नोटों का वैध मुद्रा का दर्जा समाप्त करने की घोषणा की गई थी, जिसके चलते अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पर्याप्त मात्रा बनाए रखने के उद्देश्य से रुपए 2000 के नोट चलन में लाए गए थे। साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था में तरलता की स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु नई सीरीज के रुपए 500, रुपए 200 एवं रुपए 100 के नोट भी पर्याप्त मात्रा में चलन में लाए गए थे एवं समय के साथ धीमे-धीमे इन नोटों की संख्या अर्थव्यवस्था में बढ़ती गई जिसके चलते देश में तरलता की स्थिति भी सुधरती गई। अतः वित्तीय वर्ष 2018-19 से रुपए 2000 के नोटों का मुद्रण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बंद कर दिया गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक के आकलन के अनुसार, 31 मार्च 2018 को देश की अर्थव्यवस्था में 2000 रुपए के नोटों की अधिकतम मात्रा 6.73 लाख करोड़ रुपये (चलन में कुल नोटों का 37.3 प्रतिशत) चलन में थी, जो 31 मार्च 2023 को घटकर 3.62 लाख करोड़ रुपये (चलन में कुल नोटों का 10.8 प्रतिशत) रह गई है। साथ ही, यह भी ध्यान में आता है कि देश की अर्थव्यवस्था में 2000 रुपए के नोटों का उपयोग अब आर्थिक व्यवहारों के निपटान की दृष्टि से लेन-देन के लिए आमतौर पर नहीं किया जा रहा है क्योंकि एक तो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2000 रुपए के नोटों का मुद्रण बंद कर दिया गया है। दूसरे, देश की अर्थव्यवस्था में तरलता की स्थिति को नियंत्रण में बनाए रखने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु रुपए 500, रुपए 200 एवं रुपए 100 के नोट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो गए हैं। तीसरे, देश में लगभग 89 प्रतिशत 2000 रुपए के नोट 31 मार्च 2017 के पूर्व से ही अर्थव्यवस्था में चलन में हैं एवं सामान्यतः इन नोटों की अनुमानित आयु 4-5 वर्ष की मानी जाती है, अतः यह नोट अपनी अनुमानित आयु की सीमा को समाप्त कर चुके हैं। इस प्रकार, भारतीय रिजर्व बैंक की ह्यस्वच्छ नोट नीतिह्ल को ध्यान में रखते हुए 2000 रुपए के नोटों को अर्थव्यवस्था में चलन से बाहर किए जाने का निर्णय लिया गया है। पूर्व में भी वित्तीय वर्ष 2013-14 में भारतीय रिजर्व बैंक ने इसी प्रकार का निर्णय लिया था।

विश्व के अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों में, इतनी बड़ी राशि के बैंक नोट चलन में नहीं पाए जाते हैं। उदाहरण के तौर पर अमेरिका में अधिकतम 100 अमेरिकी डॉलर का नोट ही प्रचलन में हैं क्योंकि अमेरिकी नागरिक क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड का अधिकतम उपयोग करते हैं अतः उन्हें मुद्रा के रूप में डॉलर का उपयोग करने की आवश्यकता बहुत कम पड़ती है। वैसे अब भारतीय नागरिक, ग्रामीणों सहित, भी बहुत तेजी के साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था को ग्रहण करते जा रहे हैं इसलिए अब देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी राशि के नोटों की आवश्यकता बहुत कम हो रही है। अर्थव्यवस्था में बड़ी राशि के नोटों को चलाए रखने में देश की भारी भरकम राशि खर्च होती है, जब बड़े नोटों की अब आवश्यकता ही कम हो रही है तो देश को इस भारी भरकम खर्च से बचाया जाना चाहिए।

कई देशों में असामाजिक तत्वों एवं आतंकवादी संगठनों द्वारा एक समानांतर अर्थव्यवस्था भी चलाई जाती है जिसके अंतर्गत अवैध आर्थिक सौदे सम्पन्न किया जाते हैं एवं इन अवैध आर्थिक सौदों का निपटान कई बार नकली मुद्रा में भी किया जाता है। भारत के पड़ोसी देश भारतीय अर्थव्यवस्था को नुक्सान पहुंचाने के उद्देश्य से भारत में नकली मुद्रा के प्रचलन एवं प्रसार को बढ़ावा देते हैं। माननीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने सदन में जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया था कि देश में जब्त की जाने वाली नकली मुद्रा में 2000 रुपए के नोट भी भारी मात्रा में बरामद किए जा रहे हैं। अगस्त 2022 में देश के कई समाचार पत्रों में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के बयान का हवाला देकर यह बताया गया था कि वर्ष 2016 से वर्ष 2020 के बीच भारत में 2000 रुपए के नकली नोटों की बरामदगी में 107 गुणा वृद्धि दर्ज हुई है।

## सुनहरे सपनों के बीच क्यों दम तोड़ रही हैं जिंदगियां

मेडिकल और इंजीनियरिंग शिक्षा के मामले में कोटा आज से करीबन बीस पच्चीस साल पहले से ही अग्रणी रहा है। पिछले आठ दस सालों से सीकर इन दोनों ही क्षेत्रों में उभर कर सामने आ रहा है।और आज बहुत से छात्र छात्राएं यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जयपुर भी मेडिकल और इंजीनियरिंग के मामले में कम नहीं रहा है और यहां भी आजकल बहुत से कोचिंग संस्थान उभर कर सामने आ रहे हैं। दूसरे शब्दों में हम यह बात कह सकते हैं कि राजस्थान में कोटा, जयपुर और सीकर जैसे शहर कोचिंग के गढ़ माने जाते हैं। आज कोटा ने जहां शिक्षा नगरी के रूप में पहचान बनाई है, और जयपुर सीकर भी शिक्षा के गढ़ बन गये हैं तो इसके पीछे यहां के शिक्षकों, विद्यार्थियों और निवासियों की बड़ी भूमिका रही है। इसके लिए वर्षों मेहनत की गई है। कोटा, सीकर व जयपुर के इन कोचिंग संस्थानों में पढ़कर सफल हुए विद्यार्थी आज देश-दुनिया में नाम कमा रहे हैं, लेकिन विद्यार्थियों द्वारा सामना की जा रही विभिन्न समस्याओं पर भी आज चिन्तन मनन की जरूरत है कि आखिर विद्यार्थियों को ऐसे खतरनाक कदम उठाने के लिए आखिरकार क्यों मजबूर होना पड़ रहा है ? विद्यार्थियों के मनोबल को आज बढ़ाने की जरूरत है, उन्हें यह बताने समझाने की जरूरत है कि सफलता और असफलता दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और व्यक्ति असफल होकर ही सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है। सच तो यह है कि असफलता एक चुनौती है, हमें यह चाहिए कि हम विद्यार्थियों को यह बताएं कि कमियां क्या हैं, उनमें सुधार कैसे किया जा सकता है, समस्याओं से कैसे पार पाई जा सकती है। हमें बच्चों को हर मोड़ पर मोटिवेट करना है और यह बताने की जरूरत है कि 'लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती,नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है,मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,चढ़कर गिरना गिरकर चढ़ना ना अखरता है,आखिर उसकी



मेहनत बेकार नहीं होती,कोशिश करने वालों की हार नहीं होती...।' बहरहाल,आज कोटा, सीकर व जयपुर में राजस्थान के अन्य जिलों से ही नहीं अपितु देश के अनेक राज्यों के विद्यार्थी भी पढ़ाई करने आते हैं। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि विशेष रूप से कोटा और सीकर तो चिकित्सा और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं के लिए देशभर में विख्यात हो चुके हैं, लेकिन यहां अब तक कई विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठा लेना बहुत चिंता का विषय है। कोटा , सीकर व जयपुर में आज अनेकों कोचिंग सेंटर स्थापित है जो बच्चों को छठी कक्षा से ही फाउंडेशन कोर्सेज करवाते हैं, ऐसे में माता पिता, अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा ग्रहण करवाने के लिए इन क्षेत्रों में या तो साथ रहना पड़ता है अथवा हास्टल, या पीजी (पेइंग गेस्ट) के रूप में बच्चों को रखना पड़ता है। जो बच्चे अपने अभिभावकों, माता पिता अथवा रिश्तेदारों के साथ रहते हैं, अक्सर वे तो मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षाओं का दबाव अधिक सहन नहीं करते, क्यों कि उनको समय समय पर अपने अभिभावकों, रिश्तेदारों, माता पिता से गाइडेंस, प्रोत्साहन, सकारात्मक ऊर्जा, सकारात्मक वातावरण मिलता रहता है लेकिन जो बच्चे घर से दूर अकेले रहते हैं, घर से, परिवार से, अभिभावकों, माता पिता, रिश्तेदारों से दूर रहने के कारण बहुत बार तनाव, अवसाद में आ जाते है और गलत कदम उठा बैठते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल में यहां राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही एक 16 वषीर्या छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि सरकार तक ने भी यह माना है कि कोचिंग छात्र-छात्राओं की आत्महत्या के मामले प्रदेश में बढ़ रहे हैं। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो पता चलता है कि अकेले कोटा संभाग में विगत चार साल 2019 से 2022 तक स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों के आत्महत्या के कुल 53 मामले दर्ज हुए हैं। यहां हमें यह सोचने की जरूरत है कि आखिर विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या के प्रमुख कारण क्या हैं ? तथा सरकार ने विद्यार्थियों की काउंसलिंग और सुरक्षा के लिए क्या-क्या प्रयास किए हैं ? वास्तव में, आज हर तरफ घोर प्रतिस्पर्धा का जमाना है।कोचिंग सेंटरों में होने वाले टेस्ट, परीक्षाओं आदि में में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी हो जाती है, आज माता-पिता, अभिभावकों की अपने बच्चों से उच्च महत्वाकांक्षाएं हैं, जीवन में जो वे स्वयं (माता पिता, अभिभावक) हासिल नहीं कर सके, वे सब वे अपने बच्चों में पूर्ति होना देखना चाहते हैं, बच्चों की आज दूसरे बच्चों से तुलनाएं की जाती है ???।छात्रों में शारीरिक, मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण भी हैं, जो छात्र छात्राओं को गलत दिशा की ओर ले जाते हैं। वास्तव में आज छात्र-छात्राओं के अध्ययन के तनाव को कम करने के लिए उनके कोचिंग में आवासीय क्षेत्रों के निकट मनोरंजन, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों की सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है। बच्चों को मोटिवेट किया जाना चाहिए। उनमें सकारात्मक सोच का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है ??। उच्च न्यायालय भी इस विषय को(आत्महत्याओं के विषय को) बहुत गंभीरता से ले रहा है। माननीय कोर्ट द्वारा महाधिवक्ता, न्यायमित्र और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से इस संबंध में सुझाव प्रस्तुत करने को कहा है। माना जा रहा है कि इस कदम से कोचिंग विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक परामर्श उपलब्ध कराने के लिए प्रणाली की स्थापना का रास्ता खुलेगा। निस्संदेह आज इसकी बहुत जरूरत है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि आज के समय में हमारे देश ही नहीं, पूरी दुनिया में अकेलेपन, अवसाद और आत?महत?या के मामले बढ़ रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या बहुत ही चिंताजनक है। विद्यार्थी किसी भी देश व समाज की नींव होते हैं। देश, समाज का भविष्य युवाओं पर ही टिका होता है। आत्महत्या किसी समस्या का हल भी नहीं है। आज आत?महत?या एक महामारी का रूप धरती जा रही है। लोग कई वजहों से आत?महत?या करते हैं, ऐसे में अगर उन?हें समय रहते पेशेवर सहायता मिल जाए, दोस?त-परिवार वाले उनकी मदद करें तो हम आत?महत?या के मामलों को कम कर सकते हैं। आज के समय में बच्चों का कोचिंग में एडमिशन करवा दिया जाता है, उस पर लाखों रुपए का खर्चा हो जाता है। फिर पढ़ाई के भार, कड़ी प्रतिस्पर्धा और पिछड़ने के डर के कारण उसे घबराहट, बेचैनी, तनाव और अवसाद घेर लेते हैं। वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित होने लग जाता है। उसे अपनी योग्यता पर संदेह होने लगता है उसे बार बार महसूस होता है कि उसने ऐसा विकल्प चुन लिया, जिसके लिए शायद वह नहीं बना है। वह स्वयं को कमजोर समझने लगता है और उसे लगने लगता है कि वह कभी सक्सेस नहीं हो सकता है। वास्तव में बच्चों के लिए यह समय बड़ा नाजुक होता है। अगर इस दौरान माता पिता, अभिभावक, शिक्षक या परिवार का कोई भी व्यक्ति, रिश्तेदार या कोई भी व्यक्ति उसका हौसला बढ़ा दे, उसमें सकारात्मक सोच का निर्माण कर दे, उसकी चिंताओं को, परेशानियों को दूर कर दे और उसकी शक्तियों को जगा दे, उसे आत्मविश्वास से पूर्णतया लबरेज कर दे, तो यह उसके लिए एक प्रकार से संजीवनी बूटी का काम कर सकता है। हमें बच्चों को यह बताने की जरूरत है कि हमें ईश्वर ने यह जीवन जीने के लिए दिया है न कि ऐसे कदम उठाने के लिए। संघर्ष ही जीवन है और जीवन में हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जीवन कभी भी फूलों की सेज नहीं है।

## भारत महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर, हल्के में न आंकें चीन

हाल ही में सैटेलाइट तस्वीरों से इस बात का खुलासा हुआ है कि हमारे देश के पड़ोसी चीन (ड्रैगन) के मंसूबे ठीक नहीं हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने एलएसी यानी कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास रनवे, मिसाइल बेस और पुल बनाए हैं। चीन सदैव भारत के साथ भारतीय चीनी भाई भाई का राग अलापता रहा है लेकिन साथ ही पीठ में छुरा घोंपने का काम भी करता रहा है। वास्तव में चीन एक ऐसा देश रहा है जिसकी नीति हमेशा हमेशा से विस्तारवादी रही है। दरअसल, चीन की दूसरे देशों के क्षेत्र पर कब्जा जमाने की नीति को ही विस्तारवादी नीति कहा जाता है। चीन अपनी विस्तारवादी नीति के तहत विभिन्न देशों में ना केवल उनकी जमीनी सीमा पर बल्कि उनकी समुद्री सीमा पर भी यह रहकर घुसपैठ करता रहता है, उसकी यह आदत रही है कि वह सभी देशों की समुद्री सीमाओं पर अपना अधिकार जमाता रहा है।चीन, भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में 90 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना दावा करता है जबकि भारत कहता है कि चीन ने पश्चिम में अक्साई चिन के 38 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही अमेरिका की बाइडेन सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही थी कि चीन भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने को लेकर(सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति होने के बावजूद) बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। अमेरिका ने कहा है कि चीन के साथ सीमा को लेकर लंबे समय से भारत का विवाद चल रहा है। दोनों देशों ने बॉर्डर से सटे अपने-अपने इलाकों पर बड़ी तादाद में सैनिकों की तैनाती कर रखी है और चीन दोनों देशों के बीच जारी शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्वी लद्दाख में कुछ पॉइंट्स पर भारत और चीन की सेना के बीच पिछले दो-तीन सालों से टकराव जारी है। भारत का इस मुद्दे पर क्लीयर स्टैंड है कि जब तक सीमा पर शांति स्थापित नहीं हो जाती, चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं और अब सैटेलाइट तस्वीरों से भी यह साफ पता चलता है कि ड्रैगन की चाल टेढ़ी है और वह भारत के साथ शांति स्थापित करने का पक्षधर नहीं है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि माह मई 2020 में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी और उसके बाद से ही चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब भौगोलिक सीमा में हवाई क्षेत्रों का विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में हाल ही में जो सैटेलाइट तस्वीरें आईं हैं उनसे यह पता चलता है कि चीन ने अपने सैनिकों को तेजी से तैनात करने और आक्रामक क्षमताओं के लिए बड़े पैमाने पर अपने हवाई क्षेत्रों, हैलीपेडों, रेलवे सुविधाओं, सड़कों और पुलों के साथ ही विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर यहां तक कि मिसाइल बेस तक का निर्माण किया बताते हैं, यह दर्शाता है कि चीन के मंसूबे ठीक नहीं हैं और वह एक तरफ तो भारत के साथ शांति,संयम व भाईचारे की बात करता है लेकिन बगल में छुरी रखकर भारत पर प्रहार करने का मंसूबा भी रखता है। वास्तव में यह संवेदनशील है कि चीन ने एल ए सी के नजदीक नये रनवे का निर्माण कर विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर का का विस्तार किया है। वह भवन और लड़ाकू विमानों की सुरक्षा के लिए मजबूत शेल्टर निर्माण कर चुका है। हालांकि भारतीय अफसरों ने सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण पर किसी टिप्पणी से इंकार किया है लेकिन यह बात सामने आई है कि जून वर्ष 2020 की सैटेलाइट इमेज में एयरफील्ड के पास कोई निर्माण नहीं दिखा था लेकिन मई 2023 में नया रनवे, नए विमान शेल्टर व सैन्य संचालन भवन नजर आ रहे बताते जा रहे हैं। एक प्रतिष्ठित दैनिक के हवाले से यह खबर सामने आई है कि इमेजरी में होटान और चेंगदू जे-20 से संचालित मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) दिखाए गए हैं। चेंगदू जे-20 वही जगह है, जहां 2020 के गतिरोध के दौरान चीन ने लड़ाकू विमान तैनात किया था। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल यानी कि वर्ष 2022 में नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर के पास यांग्स्ते इलाके में चीनी सैनिकों की भारतीय जवानों से झड़प हो गई थी। उस समय आई खबरों के हवाले से यह बात पता चली थी कि 300 से अधिक चीनी सैनिक 17,000 फीट ऊंची चोटी तक पहुंचने और उस पर कब्जा जमाने के फिराक में थे, लेकिन उनके मंसूबों पर भारतीय सेना ने पानी फेर दिया था। हालांकि उस समय आमने-सामने की लड़ाई में दोनों पक्षों के सैनिकों को मामूली चोटें आईं थी। बहरहाल, यहां यह बात कहनी गलत नहीं होगी कि चीन की कथनी और करनी में अंतर होता है, वह कहता कुछ है और करता कुछ और है। ऐसा भी नहीं है कि भारत चीन के मंसूबों को समझता नहीं है, वह चीन की रग से रग से वाकिफ है। सच तो यह है कि भारत भी इस बात को बेहद अच्छे से समझने लगा है कि चीन हमेशा पीठ में छुरा घोंपता है और उसके इरादे, मंसूबे किसी भी हाल में ठीक नहीं है और वह अन्य देशों की तरह भारत पर भी अपनी धाक जमाना चाहता है। शायद इसी का नतीजा है कि भारत भी पिछले कुछ समय से सीमा से सटे इलाकों में बुनियादी ढांचे(इंफ्रास्ट्रक्चर) के विकास पर ज्यादा ध्यान दे रहा है और स्वयं को और अधिक मजबूत कर रहा है। वह चीन की चाल में कतई फंसने वाला नहीं है और आज का भारत 1962 का भारत नहीं है, आज का भारत विश्व का एक बहुत शक्तिशाली, आर्थिक व सैन्य रूप से बहुत ही मजबूत और बुलंद भारत है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक चीन के साथ भारत की 3500 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है और चीन यानी कि ड्रैगन बॉर्डर पर भारत के विकास कार्यों का लगातार विरोध करता रहा है और समय-समय पर उसकी बौखलाहट भी सामने आती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार पूर्वोत्तर राज्य से यह बात कही थी कि भारत अपनी सीमाओं का विकास डंके की चोट पर करेगा और उसे इससे कोई ताकत नहीं रोक सकती है। जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की सात नई बटालियनों के गठन को मंजूरी दी है, साथ ही चीन सीमा पर सामाजिक एवं सुरक्षा ढाँचे को मजबूत करने हेतु वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम  के तहत 4,800 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं। बताना चाहूंगा कि इसमें(वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में) हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि 7 अप्रैल 2023 को भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने अरुणाचल प्रदेश के एक सीमा गांव किबिथु में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का शुभारंभ किया था और इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को लाना है और उन्हें स्वावलंबी और समृद्ध समुदायों में बदलना है। वास्तव में, सीमाओं की सुरक्षा के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की सफलता काफी अहम है। चीन को निश्चित ही इससे संदेश गया है। यहां जानकारी देना अहम होगा कि कुछ समय पहले ही  कैबिनेट ने मनाली-दारचा-पदुम-निम्मू क्षेत्र में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू-ला सुरंग को भी मंजूरी दे दी है, ताकि सभी मौसमों में लद्दाख के साथ संपर्क बना रहे। वास्तव में, इसका उद्देश्य वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि एल ए सी पर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करना है। आज भारत का सुरक्षा ग्रिड बेहद मजबूत है और आज भारत के पास चीन के किसी भी नापाक मंसूबे से निपटने के लिए हर तरह की शक्ति और संपन्नता मौजूद है। भारत का नाम आज दुनिया की उभरती हुई महाशक्तियों में आ रहा है। इधर, दक्षिण एशियाई देश भी चीन की दादागिरी से त्रस्त हैं। चीन समुद्री क्षेत्र में अपना प्रभाव लगातार बढ़ा रहा है, लेकिन भारत महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2050 तक यह महाशक्ति होगा, क्यों कि भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। सैन्य शक्ति में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा ताकतवर देश है। भारत आज विश्व की सर्वाधिक युवा शक्ति वाला एक ऐसा देश है, जो विकास को तेजी से आगे ले जाने में सक्षम है। सटीक एवं कारगर कूटनीति के परिणामस्वरूप विश्व मंच पर भारत की स्थिति निरंतर मजबूत होती जा रही है। दूसरे शब्दों में कहें तो आज के समय में भारत वैश्विक स्तर पर एक उभरती हुई शक्ति है और आकार एवं जनसंख्या दोनों के मामले में एशिया में एक क्षेत्रीय शक्ति है। भारत की जनसंख्या तो आज चीन से भी अधिक हो चुकी है। चीन को यह चाहिए कि वह भारत को 1962 वाले भारत के रूप में नहीं आंके।

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)**

**सुनील कुमार महला,**
**स्वतंत्र लेखक, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार**
**पटियाला, पंजाब।**

## ऑनलाइन गेमों का फैलता जाल बच्चों के साथ ही महिलाओं को भी चपेट में ले रहा है

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

एक मोटे अनुमान के अनुसार ऑनलाइन गेम्स का करोड़ों डॉलर का सालाना कारोबार 2025 तक 5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है तो 28 से 30 प्रतिशत सालाना ग्रोथ रेट के साथ इस कारोबार में बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की जा रही है।

ऑनलाइन गेमिंग के प्रति बढ़ता शौक बेहद गंभीर होने के साथ ही अत्यंत चिंतनीय भी है। वैसे तो ऑनलाइन गेमिंग की ग्रोथ रेट यानी कि इसके प्रति लोगों का रुझान 12 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। ऑनलाइन गेमिंग का कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ रहा है। नित नए गेम मार्केट में आ रहे हैं तो दिन प्रतिदिन नए लोगों में इन गेमों की लत पड़ती जा रही है। बच्चे तो बच्चे अब तो महिलाएं भी पीछे नहीं हैं और लुमिकाई की हालिया रिपोर्ट के अनुसार ऑनलाइन गेमिंग में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ते-बढ़ते 43 फीसदी का आंकड़ा छू गई हैं। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग से जहां बुद्धि कौशल विकास के फायदे बताए जा रहे हैं वहीं नुकसानों की गिनती की जाए तो वह कहीं ज्यादा है। यहां तक कि गेमिंग के चक्कर में कई बच्चे और युवा जिंदगी तक दांव पर लगा रहे हैं। यह वास्तव में चिंतनीय और गंभीर हो जाता है। दरअसल 60 के दशक में जब रुडोल्फ हेनरिक बेयर ने ऑनलाइन गेमिंग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पहला गेम बनाया होगा तब शायद ही यह बात उनके जेहन में आई होगी कि कुछ ही समय में यह गेमिंग का सिलसिला इतना लोकप्रिय हो जाएगा कि पूरी तरह से बिजनेस का आकार ले लेगा। देखा जाए तो ऑनलाइन गेमिंग की सहज उपलब्धता ने भी इसे लोकप्रिय बना दिया। गेम कंसोल की बात करें तो प्लेस्टेशन, एक्सबॉक्स, निंटेंडों, पीसी, लेपटॉप, मोबाइल आदि में सहजता से खेलने की सुविधा होने से गेमों के प्रति लोगों की लोकप्रियता भी बढ़ी है। जानकारों का मानना है कि ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में आज कुछ सौ या हजार नहीं अपितु 8 लाख 31 हजार गेम प्रचलन में बताए जा रहे हैं।

एक मोटे अनुमान के अनुसार ऑनलाइन गेम्स का करोड़ों डॉलर का सालाना कारोबार 2025 तक 5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है तो 28 से 30 प्रतिशत सालाना ग्रोथ रेट के साथ इस कारोबार में बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग से अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। चिंता का विषय यह है कि अब तक ऑनलाइन गेमिंग के जाल में बच्चे और युवाओं को ही पिसते हुए देखा जा रहा



था पर जिस तरह से महिलाएं भी इस जंजाल में आती जा रही हैं वह और भी अधिक चिंतनीय हो जाता है। यदि हमारे देश की ही बात करें तो देश में करीब 50 करोड़ लोग इसकी जद में आ गए हैं। इनमें जहां 55 फीसदी पुरुष हैं तो महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ते बढ़ते 43 फीसदी हो गई है और केवल 2 प्रतिशत लोग ही अन्य हैं। हो सकता है यह अतिश्योक्ति पूर्ण आंकड़ा हो कि गत साल में महिलाओं की हिस्सेदारी दो गुनी रफ्तार से बढ़ी है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि यह रफ्तार रही तेज ही है। दिक्कत यह है कि भले ही कुछ गेम मानसिक तनाव को कम करने या बुद्धि कौशल बढ़ाने में सहायक हों पर बहुत से गेम ऐसे भी हैं जो संवेदनशील बच्चों-युवाओं को मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। कुछ गेम पूरी तरह से गैंबलिंग पर आधारित हैं और जानकारों की मानें तो इस तरह के गेमों में ठगी और छलावा भी तेजी से हो रहा है। एक तरह से इस तरह के गेम जुआ या लॉटरी जैसे ही हैं और ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जिसमें गेम जीतने वालों को विजेता स्वरूप जो राशि मिलने का सपना दिखाया जाता है वह मिलता ही नहीं और जीतने के बाद भी लोग अपने को ठगा महसूस करते हैं। कुछ गेमों में टास्क दर टास्क इस कदर हावी हो जाता है कि गेम खेलने वाले सब कुछ भूल कर उसी में खो जाते हैं। यहां तक कि ऐसे मामलों में मौत को गले लगाने के समाचार भी आम हैं।

ऑनलाइन गेमिंग में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी को लैंगिक असमानता के रूप में नहीं देखते हुए इससे होने वाले नुकसान या दुष्प्रभाव के आइने में देखना होगा। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि बहुत सारे इस तरह के गेम भी बाजार में आ रहे हैं जो मन पर विपरीत प्रभाव डालते हुए मनोदशा को प्रभावित करते हैं। यहां तक कि आक्रोश, हिंसा, कुंठा, संवेदनहीनता और क्रूरता जैसी भावनाएं बढ़ाते हैं। देखा जाए तो यह एक तरह का नशा है और इस तरह का नशा कहीं ना कहीं मनोदशा को बुरी तरह से प्रभावित करता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि कुछ गेम रिलेक्स कराने या बुद्धि कौशल बढ़ाने में सहायक हैं पर हिंसा, जुआ, तनाव बढ़ाने वाले टास्क आदि से जुड़े गेमों पर विचार किया जाना आवश्यक हो जाता है। देखा जाए तो जिस तरह से फिल्में आदि जूरी की जांच से गुजरती हैं ठीक उसी तरह से गेम को बाजार में आने से पहले उसके प्रभाव को देखा जाना चाहिए। इसके लिए नियामक संस्था होनी चाहिए जो उसके गुणावगुण को देख कर सर्टिफिकेट जारी कर सके। इसी तरह से ईनाम पर आधारित गेमों और उनको संचालित करने वाली संस्था पर भी नजर रखने वाली संस्था होनी चाहिए ताकि लोगों को ठगी से बचाया जा सके। दरअसल गेम बाजार में उतरे, उससे पहले नियामक संस्था को उसे जांचना परखना चाहिए ताकि उससे होने वाले संभावित दुष्प्रभाव से रोका जा सके। अब यह अतिआवश्यक हो गया है। अन्यथा जिस तरह से ग्रोथ देखी जा रही है उस गति से इसके दुष्प्रभाव की ग्रोथ भी अच्छी खासी देखने को मिलेगी।

## तालाब के भीठे पर बने घर को तत्काल हटायें: डीएम, डीएम ने देखे कर्वी ब्लाक के दो तालाब



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर्वी ब्लाक के भगवतपुर एवं अमिलिहा गांव में अटल भूजल योजना के तहत निर्मित तालाबों का औचक निरीक्षण कर भगवतपुर के रंगिया तालाब के इनलेट आउटलेट घाट, इंटरलॉकिंग खड़ंजा, रेलिंग, बेंच देखा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने बीडीओ व जेई लघु सिंचाई से पूंछा कि तालाब के एक ओर भीठा पर कार्य क्यो शेष है। बीडीओ ने बताया कि भूमि विवाद होने से कार्य नहीं हो पाया। जिलाधिकारी ने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिए कि राजस्व टीम को भेजकर तालाब की शासकीय भूमि चिन्हित करायें। तालाब के बगल में भीठे पर बने मकान को तत्काल हटाए। बीडीओ से कहा कि इस तालाब के जो कार्य शेष हैं, मनरेगा से पूरे करायें।

जिलाधिकारी ने अमिलिहा गांव के अचारे तालाब को देखकर बीडीओ से कहा कि इस तालाब में इंटरलॉकिंग का कार्य शेष है, उसे पूरा करायें। जहां पर रैम्प बनाया गया है, वह भी अधूरा है उसे पूरा करायें। पौधारोपण भी करायें। निरीक्षण में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीडीओ आस्था पांडेय, जेई लघु सिंचाई गिरीश कुमार, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अमरीश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा गुलाबचन्द्र सोनकर की अगुवाई में दरोगा नन्दराम की टीम ने वारंटी छोटेलाल पुत्र छितानी यादव निवासी बाबा तालाब रुकमा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा नन्दराम, सिपाही शक्ति सिंह शामिल रहे।

## भारत सरकार से हरीझंडी मिलते ही शुरू होगा एयरपोर्ट, क्षेत्र का विकास और व्यापारियों को होगा फायदा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान राम की तपोस्थली पहुंचने को चित्रकूट से जल्द ही हवाई यात्रा शुरू होगी। हवाई यात्रा की शुरूआत होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। देश-प्रदेश के लोग आसानी से चित्रकूट पहुंचकर दर्शन और पूजन कर सकेंगे। एयरपोर्ट देवांगना पहाड़ी पर बनाया गया है। एयरपोर्ट का नाम देवांगना एयरपोर्ट रखा गया है।

शुक्रवार को भगवान श्रीराम के 14 वर्ष वनवास के सर्वाधिक 12 साल यहां गुजार हैं। चित्रकूट में हवाई यात्रा से विकास की दौड़ शुरू होने जा रही है। चित्रकूटधाम के पूरे क्षेत्र में पर्यटन विस्तार तेजी से होगा। रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। धर्मनगरी के विकसित होने और पर्यटन विस्तार होने से न केवल चित्रकूटवासियों के लिए, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए भी अच्छी खबर है। पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी कमजोर होने से इसकी गिनती पिछड़े क्षेत्रों में होती थी। अब यहां हवाई यात्रा शुरू होने से लोगों को लाभ मिलेगा।

हवाई यात्रा शुरू होने को लेकर व्यापारियों में खुशी है। व्यापारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि इससे यहां का व्यापार बढेगा। अन्य राज्यों से तमाम व्यापारी और आमलोग कुछ ही घंटों में पहुंच सकेंगे। यहां के व्यापारी लखनऊ, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई समेत देश के अन्य शहरों तक जा सकेंगे। इससे तीर्थक्षेत्र का विकास तेजी से बढ़ेगा।

डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि चित्रकूट का एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है। भारत सरकार से जल्द लाइसेंस मिलने के बाद चित्रकूट में हवाई यात्रा शुरू करा दी जाएगी। प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। भारत सरकार से हरीझंडी मिलते ही चित्रकूट में उड़ान शुरू हो जायेगी।

## मोदी के नौ साल, बेमिसाल: पूर्व मुख्यमंत्री, मोदी की गिनाई अनगिनत उपलब्धियां



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद मोदी सरकार के नौ साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

शुक्रवार को प्रबुद्ध सम्मेलन के बाद उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने पत्रकारों से कहा कि देश में पीएम मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे हो चुके हैं। नौ सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा है। देश के सभी नागरिक अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों में सरकार ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोडा, बल्कि सशक्तिकरण भी किया। दुनिया के बडे-बड़े अर्थशास्त्री, विश्लेषक, विचारक सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की सदी है। पूरी दुनिया भारत को लेकर एक विश्वास से भरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ साल में नौ प्रमुख आधार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, नवाचार, दृढइच्छा शक्ति, भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस, नीतिगत पहल, साहसिक निर्णय तथा सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास रहा है। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जिला प्रभारी देवेश कोरी, सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, एमएलसी बाबूलाल तिवारी, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला, कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य डा रणवीर सिंह चैहान आदि मौजूद रहे।

# सामन्ती अवशेषों के निशाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष

### -भाजपा में सुलग रही आग, ले सकती विस्फोट का रुप -दगे कारतूस समेत चन्द दिनों के भाजपाई हावी हैं भाजपा में

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिन लोगों की गुलामी की आदत पड चुकी है, उनको तुम आजाद करना चाहोगे तो वे तुम पर ही हमला करेंगे- ज्योतिबाराव फुले की कही बात की टिप्पणी पर चर्चा से उभरे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की घेराबन्दी शुरू हो गई है। अब उनका जिला पंचायत अध्यक्ष पद सामंती अवशेषों के निशाने पर आ गया है।

पिछडे वर्ग से उभरकर बडे नेता बने- अब पुनः लोकसभा टिकट का ख्वाब संजोये हैं- ने बांदा के एक सामंती अवशेष/जनप्रतिनिधि से गलबहियां करने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष को अपनी धमक में लेने के तलबगार हैं। हुआ कुछ यूं है कि जिले के भाजपा में लम्बे अरसे से समर्पित नेता पंकज अग्रवाल को जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन बनवाने का मसला है- जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की लम्बे अरसे से मानसिकता रही है कि भाजपा के समर्पित लोगों को तवज्जो मिले, ये बात कुछ असरदारों की गले नहीं उतर रही। भाजपा में चन्द दिनों से आये लोग जनप्रतिनिधि तो बन गये, लेकिन सामन्ती मानसिकता से ओतप्रोत होने के चलते समर्पित भाजपाइयों को दबाने के कुचक्र में माहिर बाज नहीं आ रहे, वे अपने खास कारिंदे गुंडे-दबंग किस्म के नगनेधी के एक उपाध्याय को जिला सहकारी बैंक का चेयरमैन बनवाने के ख्वाहिशमन्द हैं- ऐसे सामन्ती अवशेषों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को कुचलने की साजिश शुरू कर दी है।

साजिश के इस खेल में कभी साइकिल नसीब न होने वाले एक जिला स्तरीय नेता को भी सामन्ती अवशेषों ने अपने प्रभाव में पूरी तरह से ले लिया है। साजिशकताओं की इस



तिकडी ने बाहरी नेता/बालू माफिया/चन्द दिनों के जनप्रतिनिधि/लोकसभा के ख्वाब देखने वाले को अपने संजाल में पिरो लिया है। इन दिनों वह बालू माफिया भी बडे ख्वाब संजोने लगा है। तरह-तरह की साजिशें रचकर जिला पंचायत अध्यक्ष पर तिरस्कृत मानसिकता से हमले कर रहे हैं। जिला पंचायत के दो जोगा-भोगा भी इस तिकडी के अदना से सिपाही हैं, वे भी जोर-जोर से हाथ फैलाकर, बाहें सिकोडकर, मेज पर हाथ मारकर अपना सिर धुनने में लगे हैं, कि वे क्यों नहीं सहकारी बैंक के चेयरमैन बन सकते हैं? पिछले चुनाव में पराजित/दगे कारतूस भी हाथ-पैर मार रहे हैं, उन्हें शायद नहीं पता कि जब चिडिया चुग गई खेत तो पछताये का होत।

हालांकि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के दावे हैं कि वे ऐसे चन्द औसरवादियों के हमलों से दबने वाले नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जिस दिन 13 जिला पंचायत सदस्य डीएम को अविश्वास प्रस्ताव देंगे, वे उसी दिन इस्तीफा दे देंगे। फिलहाल जिले में इन दिनों पिछडे वर्ग से उभरे/सामन्ती अवशेष/बडे नेता के प्रति पिछडों-दलित समुदाय समेत ब्राम्हण वर्ग में गहरी आतंक मिश्रित चुप्पी कायम है, जो कभी भी विस्फोट का रुप ले सकती है। विस्फोट बडे नेता के आगामी चुनाव में टिकट कटने तक का हो सकता है, अब लोग इस बडे नेता की मनमानी से आजिज आ गये हैं। इस बडे नेता के प्रतिनिधि की धोखाधडी व 40 फीसदी कमीशनबाजी भी लोगों के गले नहीं उतर रही। इसी कमीशनबाजी के चलते कर्नाटक की सरकार भी चली गई है तो जनप्रतिनिधि के भी जाने की लोग चर्चा करने लगे हैं। फिर सामन्ती अवशेषों की गलबहियां ही रह जायेंगी, जो अल्पकालखण्ड की होंगी, सामन्ती अवशेष सिर्फ पद, पैसा, रुतबे के होते हैं, ये न कभी किसी के हुए हैं और न होंगे। कुल मिलाकर भाजपा में इन दिनों सामन्ती अवशेष ही छाये हुए हैं, जिधर देखो, उधर सामन्ती मानसिकता अपना असर दिखा रही है।

भाजपा में अन्दर ही अन्दर एक आग सुलग रही है, जो कभी भी विस्फोट का रुप ले सकती है। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी गई तो ये विस्फोट और जल्दी हो सकता है। बस मै अपनी बात यहीं पर समाप्त कर रहा हूं- गर चिरागों की हिफाजत फिर उन्हें सौंपी गई तो रोशनी बुझ जायेगी, खाली दिया रह जायेगा।

### पूरे परिदृश्य से बाहर हैं पंकज

**चित्रकूट।** इस पूरे परिदृश्य से भाजपा नेता पंकज अग्रवाल बाहर हैं। वे किसी का विरोध तो जानते ही नहीं हैं। सीधे-सच्चे इतने हैं कि हर समय सबके काम आते हैं और सबकी हां में हां मिलाने के अलावा वह कुछ भी नहीं जानते।

# बीडीओ पहाडी ने दो साल में किये करोडों के घोटाले

### पहाडी ब्लाक में लूट मचाये है बीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक के बीडीओ/मनरेगा डीसी धर्मजीत सिंह पटेल के भ्रष्ट रवैये पर कोई सुधार नहीं हो रहा। 2021-22 में अकेले पहाडी ब्लाक में 60-40 अनुपात में कार्य न कराकर 15 करोड रुपये का भुगतान हुआ है। इसमें 13 फीसदी कमीशन लिया गया है। दस फीसदी खुद डकारने के साथ तीन फीसदी सीडीओ के नाम कमीशनबाजी की गई है।

शुक्रवार को पहाडी ब्लाक के बीडीओ के कारनामों का खुलासा हुआ। बताया गया कि कार्य की गुणवत्ता पहाडी ब्लाक क्षेत्र के किसी भी गांव में 1:6:12 के अनुपात में मसाला नहीं डाला गया। किसी भी इंटरलॉकिंग कार्य में गिट्टी, बालू, सीमेन्ट अनुपात के हिसाब से कार्य नहीं हुआ। चहेते ठेकेदारों को मनरेगा के आनलाइन इस्टीमेट कनवेंस में मानक से ज्यादा कनवेंस का लाभ पहुंचाया गया है। अन्य ठेकेदारों को कनवेंस का लाभ नहीं दिया।

क्षेत्र पंचायत में केवल एक ही ठेकेदार को ज्यादातर काम देते हैं। इसमें फर्जी टेंडर प्रक्रिया करके एक ठेकेदार को ही लाभ पहुंचाया जा रहा है। इससे सरकार को भी क्षति पहुंच रही है। टेंडर में कम्पटीशन हो तो अन्य ठेकेदार भी शामिल हों, जिससे सरकार को लाभ पहुंचे। खास सूत्रों ने बताया है कि ग्राम्य विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पीए शिवशंकर सिंह तक बीडीओ/डीसी मनरेगा सुविधा शुल्क पहुंचाते हैं। इसके चलते दो साल से ज्यादा समय से यहां जमे हैं। इनके खिलाफ कोई भी कार्यवाही शासन स्तर पर पहुंचती है तो मंत्री के पीए कार्यवाही को दबा देते हैं। कुल मिलाकर बीडीओ पहाडी मनरेगा में भारी लूट मचाये हैं। इनके कार्यों की जांच कराकर कार्यवाही की मांग ग्रामीणों ने की है। इस बारे में बीडीओ पहाडी/डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से बात करने के प्रयास किये गये। उनसे बात नहीं हो सकी।

### बडे नेता से संबंधों के चलते बच रहा बीडीओ पहाडी

**चित्रकूट।** डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह पटेल के जिले के एक बडे नेता से खासे सम्बन्ध हैं। जिसके चलते वे खुद को बचा ले जाते हैं। इस नेता तक भी कमीशनखोरी की धनराशि पहुंचाई जा रही है। लोगों ने इस नेता को आगामी चुनाव में सबक सिखाने की ठानी है। डीसी मनरेगा के इलाहाबाद में बने आलीशान बंगले की जांच करा ली जाये तो करोडों का मामला सामने आयेगा। ग्रामीणों ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ऐसे लोगों की जांच क्यों नहीं करता।

# विकास कार्यों का लाभ समय से लाभार्थी को मिले: प्रभारी मंत्री

### कानून व्यवस्था विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता व सांसद आरके सिंह पटेल, मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की मौजूदगी में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर विकास कार्य कराए जाएं।

शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि विकास कार्य का लाभ लाभार्थी को समय से पहुंचे। यही सरकार की मंशा है। अपराध न हों, इस पर भी सरकार



का फोकस है। बरसात से पहले सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करा लें। पौधारोपण का लक्ष्य वन विभाग पूरा कराने की प्रक्रिया शुरू करायें। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कहा कि चित्रकूट के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर विकास की योजना बनाकर शासन को भेजें। सांसद ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कितने गांव में पानी पहुंचाया गया है, उसकी सूची दी जाए। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास शहरी में लाभार्थियों की सूची की जांच कराई जाए। कोई भी पात्र आवास से छूटने न पाए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कनकोटा, भदेदू, तीरमऊ, खंडेहा की सड़के खराब हैं। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि सत्येंद्रनाथ ने इन सड़कों का प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी को भेजा है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री समेत जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि दिशा-निर्देश का अक्षरशः पालन कराया जाए। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, परियोजना निर्देशक ऋषिमुनि उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी, उपकृषि निदेशक राजकुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# वाराणसी की तर्ज पर रघुवीर मन्दिर में गंगा आरती शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभु श्रीराम की पवित्र तपोस्थली चित्रकूट के रघुवीर मन्दिर स्थित जानकीघाट में वाराणसी की तर्ज पर गंगा आरती का शुभारंभ हुआ। ये महाआरती का आध्यात्मिक कार्यक्रम मां गंगा के अवतरण दिवस पर मां मन्दाकिनी की आरती के साथ शुरू हुआ। श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिदिन शाम साढे छह बजे से जानकीघाट पर नियमित रूप से वैदिक और पारंपरिक पद्धति से गंगा आरती का संकल्प ट्रस्ट प्रबंधन ने लिया है।शुक्रवार को ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने कहा कि मन्दाकिनी गंगा की महाआरती चित्रकूट के धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को विशेषता देगी। श्रद्धालुओं में आरती दर्शन और शामिल होने के



अवसर प्रतिदिन हैं। आध्यात्मिक आयोजन से चित्रकूट पर्यटन क्षेत्र और धार्मिक स्थल में नया दर्शनीय केन्द्र बड़ीगुफा जो माता जानकी के चरण चिन्ह के नजदीक है। अनेकों स्थानीय और बाहर से चित्रकूट आने वाले श्रद्धालु आयोजन में शामिल होकर आनंद ले रहे हैं। ऊषा जैन ने बताया कि लंबे समय से वाराणसी के विभिन्न घाटों की तर्ज पर चित्रकूट में महाआरती के आयोजन की रूपरेखा बन रही थी। पूज्य गुरुदेव रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से इस वर्ष मां गंगा के अवतरण दिवस पर इस आरती का शुभारंभ हो पाया है। संस्कृत विद्यालय के छात्रों ने आचार्यों के निर्देश में अल्प समय में प्रशिक्षण लिया। इस परिकल्पना को साकार किया। आयोजन से सम्बंधित लोगों को शुभकामनायें दी। यह आरती अब नियमित रूप से होगी।

इस मौके पर रघुवीर मन्दिर के ट्रस्टी डॉ बीके जैन, शिक्षा समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चैहान, प्राचार्य सुरेन्द्र तिवारी, श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य, चित्रकूट के विभिन्न मठों एवं मंदिरों के संत-महन्त, गणमान्य नागरिक, सदगुरु परिवार के सदस्य तथा संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# योग शिविर के दूसरे दिन पांच दर्जन महिलाओं ने लिया हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निःशुल्क योग शिविर के दूसरे दिन महिलाओं को योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के बाद योग करने वाली महिलाओं को चना बांटा गया।

शुक्रवार को पुरानी बाजार स्थित राम अग्रवाल परिसर में महिला पतंजलि योग समिति की जिला महिला प्रभारी मंजू केशरवानी की अगुवाई में महिलाओं को योग की विभिन्न क्रियायें सिखाई गई। योगाभ्यास भारत स्वाभिमान की



महामंत्री मीरा श्रीवास्तव व सक्रिय सदस्य बहन सरोज जैन ने कराया। योगाभ्यास के अतिरिक्त जल नीति एवं नेत्र नीति की क्रिया भी कराई गई। अंत में महिला पतंजलि की सभी योगी बहनों को मूंग-चना भी बांटा गया। शिविर में लगभग पांच दर्जन बहने शामिल हुई। ये योगाभ्यास आज और चलेगा।

## यूपीएमएसआरए के तीसरी बार अध्यक्ष बने भूपेश्वर पाण्डेय



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव एसोसिएशन (यूपीएमएसआरए) का चित्रकूट इकाई के वार्षिक अधिवेशन में केन्द्रीय पर्यवेक्षक के बतौर प्रताप यादव शामिल हुए।

शुक्रवार को अधिवेशन में केन्द्रीय पर्यवेक्षक प्रताप यादव, बांदा अध्यक्ष का आशुतोष खरे, मंत्री डॉ संजय वाजपेयी की मौजूदगी में अधिवेशन की कार्यवाही शुरू हुई। का अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से यूपीएमएसआरए मजबूत होगा। अधिवेशन में नये अध्यक्ष के रुप में का भूपेश्वर पाण्डेय तीसरी बार अध्यक्ष निर्विरोध चुने गये। उपाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय, मंत्री का कृष्णा पाण्डेय, उपमंत्री पवन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष एलडी पाण्डेय चुने गये।

ईसी मेम्बर के बतौर का कुलदीप सैनी, शैलेश तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, लवलेश पाण्डेय, धर्मेन्द्र शुक्ला, मनीष पाण्डेय चुने गये। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष का शोभराज मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, तोषेन्द्र सिंह, सीएल सिंह, गौरेन्द्र पाण्डेय, योगेश पाण्डेय, मनोज नामदेव, शिव सिंह, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## तंत्रमंत्र के चक्कर में पति ने पत्नी-बच्चों को तीन साल तक किया कैद, आजाद कराकर जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के तरौहां में एक परिवार ने तीन साल से खुद को कमरे में कैद कर रखा था। रिश्तेदारों ने पुलिस व चाइल्ड लाइन से मुक्त कराकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।



चाइल्ड लाइन के मुताबिक तंत्रमंत्र के चक्कर में पति ने पत्नी और दो बच्चों को घर में बंधक कर रखा था। शुक्रवार को इस बात का खुलसा हुआ। घर में हवा भी कहीं से पहुंच न पाए। इसके लिए दरवाजे को बंद करने के साथ खिड़कियों को कच्चे मसाला व ईंट से भर दिया था। गुरुवार की देर शाम बच्चों के मौसा-मौसी और मामा पहुंचे तो ताला बंद देख चिंतित हो गए। पड़ोसियों की मदद से संस्था को सूचना दी। टीम ने बच्चों और मां को मुक्त कराया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सबका इलाज चल रहा है।

सर्वोदय सेवा आश्रम चाइल्ड लाइन के समन्वयक विशेष त्रिपाठी ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना मिली कि कोतवाली के तरौंहा मोहल्ले में दुगार्कुंज के काशी केशरवानी ने पत्नी 45 वर्षीय पूनम के साथ बच्चों 13 वर्षीय पुत्र रजत और 14 वर्षीय पुत्री अर्शिता को घर के अंदर कैद कर रखा है। न तो वह बच्चों को घर से निकलने देता है और न उनकी पढ़ाई हो रही है। तीन साल से यह सब चल रहा है। संस्था की दीपा शुक्ला और श्यामानंद को मौके पर पुलिस के साथ भेजा। घर का ताला खुलवाया तो पाया कि अंधेरे कमरे में मां और दोनों बच्चे मिले। तंत्रमंत्र की काफी सामग्री मिली। कमरे में भीषण गंदगी थी। बच्चों की हालत बहुत खराब थी। पुलिस की सहायता से एम्बुलेस से सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां सबको भर्ती करने के साथ काशी व पत्नी भी मानसिक बीमार नजर आ रही है। बच्चों को देखकर लगता था कि कई दिनों से नहाए नहीं हैं। भरपेट खाना तक नहीं मिला।

कर्वी कोतवाली प्रभारी गुलाब त्रिपाठी ने कहा कि तंत्रमंत्र की बात उन्हें नहीं पता। पति-पत्नी मानसिक रूप से बीमार जरूर हैं। इसकी जांच कराई जा रही है।

## हज यात्रियों का काफिला हुआ रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी ने हाजियों का इस्तकबाल कर जिले से हाजियों का काफिला लखनऊ को रवाना हुआ।



शुक्रवार को गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार, हाजी अफसर उल्लाह खान, हाजी हैदर अली, हाजी इकबाल खान ठेकेदार, हाजी अख्तर फराज खान, मुफ्ती सलाहुद्दीन साहब, मौलाना उबैद खान साहब, सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव, मोहम्मद गुलाब खां, शहंशाह खान उर्फ सिन्नी भाई, अरशद अली, गुलाब अहमद, नवाब खान, राजू भाई, मो अकील खान, सत्यनारायण पटेल, राजा यादव, नरेंद्र यादव पूर्व प्रधान मडैयन आदि कई लोगों ने हज को जाने वालों को विदाई दी।

